

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी






# शेषनाग के बाद रेलवे की 130 डिब्बों वाली 'लॉग हॉल' मालगाड़ी

## डेढ़ किमी लंबी इस ट्रेन ने धीमी की पैसेंजर की रफ्तार

- आय में बढ़ोतरी करने अब जोन के सभी रूट में चल रही लॉग हॉल मालगाड़ी
- दो से तीन रैक जोड़कर एक ही समय में ज्यादा कोयला ढुलाई करने राज्यों को भेज रहे हैं

### दो रैक को जोड़कर

जोन के सभी रूट में दो रैक को जोड़कर लॉग हॉल मालगाड़ी को चलाया जा रहा है। इससे समय की बचत और अधिक माल ढुलाई में मदद मिल रही है।

- विकास कश्यप, सीपीआरओ, दपूमरे

ललित राठौड़ ▶▶| रायपुर

अलग खबर

भारतीय रेलवे में अधिक माल ढुलाई करने दो या तीन ट्रेनों को जोड़कर बनाई गई विशेष लॉग हॉल मालगाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की आय में बढ़ोतरी के साथ रेल राजस्व बढ़ाने में तो मददगार साबित हो रही है, लेकिन इसका परिचालन बढ़ने से अब पैसेंजर ट्रेनों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इसलिए लंबी दूरी की ट्रेन चल रही लेट

लॉग हॉल मालगाड़ी चलाकर ज्यादा से ज्यादा कोयला अलग-अलग राज्यों को भेजने के लिए यात्री ट्रेनों को धीरे चलाया जा रहा है। इससे लंबी दूरी की लगभग सभी ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। इससे भरी गर्मी में यात्री परेशान हो रहे हैं। आमतौर पर मालगाड़ियां एक के बाद एक चलाई जा रहीं थीं, लेकिन वर्तमान में दो व तीन मालगाड़ियों को जोड़कर लॉग हॉल चलाई जा रही है। खाली रैक भी और भरी रैक भी। दो रैक जोड़कर एक ही समय में ज्यादा कोयला संबंधित संस्थान या राज्यों को भेज रहे हैं। इसके बाद भी कोयला की आपूर्ति कम हो रही है। लॉग हॉल की वजह से स्टेशनों और क्रासिंग पाइंट पर पैसेंजर ट्रेनों को रोकना पड़ रहा है, क्योंकि लॉग हाल को गुजरने में ही काफी समय लगता है।

### नारायणपुर और बीजापुर की सरहद में मुठभेड़, बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या

# माड़ को 800 जवानों ने घेरा, भीषण गोलीबारी में मारे गए सात नक्सली

## एके 47 समेत 7 अत्याधुनिक हथियार भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

नारायणपुर व बीजापुर के सरहदी इलाके में हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 7 वर्दीधारी माओवादियों को मार गिराया है। सेटेलाइट से मिली जानकारी के मुताबिक देर शाम तक दोनों ओर से मुठभेड़ जारी रही। वहां रह रहकर गोलियों की आवाज गूंजती रही। बताया जा रहा है कि संयुक्त सुरक्षाबल ने माड़ के बड़े इलाके को तीन तरफ से घेर कर रखा है, जिसके चलते माओवादी फोर्स के चक्रव्यूह में फंसे हुए हैं। मौके से कई स्वचलित हथियार भी बरामद किया गया है। नारायणपुर, बस्तर व बीजापुर की ज्वाइंट टीम ▶▶| शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- माड़ के बड़े इलाके में ऑपरेशन
- ज्वाइंट फोर्स ने तीन तरफ से घेरा
- देर शाम तक चलती रही मुठभेड़



### गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने अचानक शुरू कर दी गोलीबारी

### सीएम बोले-नक्सलवाद का खात्मा हमारा लक्ष्य



इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी सरकार मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर श्री साय ने लिखा, नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### फोर्स ने दिया जवाब

*नारायणपुर व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें सर्च अभियान पर रवाना हुई थी। फोर्स पर गुरुवार सुबह 11 बजे नक्सलियों की ओर से गोलीबारी शुरू की, जिसका जवानों द्वारा जवाब दिया गया। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ देर शाम तक रुक-रुककर जारी रही। दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि 21 मई को नारायणपुर व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर,* ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके से पांच शव और बीजापुर से दो शव बरामद

तीन जिले की ज्वाइंट फोर्स ने माड़ के बड़े इलाके को घेर रखा है। अबूझमाड़ के रेकवाया के जंगल में सुबह से मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने ओरछा थाना से 25 किमी दूर इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके से पांच तथा बीजापुर इलाके से दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। ज्वाइंट ऑपरेशन के लिए बीजापुर, बस्तर व नारायणपुर जिले से 800 से अधिक जवानों द्वारा बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों के सभी जवान सुरक्षित हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान कई नक्सलियों के गिरफ्तारी की भी खबर है।

### सात वर्दीधारी नक्सलियों के शव व हथियार बरामद

एसपी दंतेवाड़ा ने बताया कि इलाके की सर्चिंग में अब तक सात वर्दीधारी नक्सलियों के शव तथा सात हथियार बरामद हुए हैं। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की प्रबल संभावना है। सेटेलाइट फोन के जरिए सभी जिलों के एसपी जवानों से सम्पर्क में है, जिसके मुताबिक अभी तक का अपडेट मिला है तथा फोर्स के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

# आज से शुरू होगी जांच उत्तरपुस्तिकाएं होंगी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टॉपर्स कांड

संस्कृत विद्यामंडलम के टॉपर्स कांड में आज से जांच प्रारंभ की जाएगी। बुधवार देर शाम जांच कमेटी गठित करते हुए आदेश जारी किया गया था। गुरुवार को शासकीय अवकाश होने के कारण जांच प्रारंभ नहीं हो सकी। जांच टीम शुक्रवार से अपनी जांच शुरू करेगी। जांच कमेटी में माध्यमिक शिक्षा मंडल सचिव पुष्पा साहू, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल तथा बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक आरपी आदित्य को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, जांच टीम द्वारा ▶▶| शेष पेज 4 पर

# जेल में बंद पूर्व आईएएस रानू और सौम्या से चार दिन दफ्तर में पूछताछ करेगी ईओडब्ल्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 27 मई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर, कोर्ट ने मंजूर की अर्जी

राज्य के चर्चित साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए के माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व आईएएस अफसर रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर रही सौम्या चौरसिया से पूछताछ करने ईओडब्ल्यू ने रिमांड पर लेने कोर्ट में गुरुवार को आवेदन पेश किया। जांच एजेंसी ने विशेष अदालत में दोनों अफसरों से ▶▶| शेष पेज 4 पर



### बचाव पक्ष के वकील ने कहा, कोई तथ्य नहीं

दोनों पूर्व अफसरों को ईओडब्लू द्वारा रिमांड पर लिए जाने का बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में विरोध किया। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में तर्क देते हुए कहा कि इस मामले में एक को जमानत ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ईडी कर चुकी है 222 करोड़ की संपति अटैच

माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल सहित कई अन्य लोगों की ईडी जांच के आधार पर 222 करोड़ रुपए की संपति अटैच कर चुकी है। अफसरों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ में पहली बार जीपीएस लगा प्रवासी पक्षी को किया गया रिकार्ड

# अफ्रीका से छत्तीसगढ़ पहुंची प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल ने तीन दिन रुकने के बाद ओडिशा के लिए भरी उड़ान

विनोद नामदेव ▶▶| गंडई

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के जलाशय में पहली बार जीएसएम-जीपीएस लगे प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल को देखा गया है। यह मूलतः उत्तरी अमेरिका और उत्तरी यूरोप का पक्षी है। उसके टैग से पता चलता है कि यह प्रवासी पक्षी पूर्वी अफ्रीका के मेडागास्कर के पास स्थित एक द्वीप से आया है। बेरला के ▶▶| शेष पेज 4 पर



### छह हजार किमी उड़ सकती है व्हिंब्रेल

यह पक्षी कई महासागर और महाद्वीप को पार करने में माहिर है। उत्तरी गोलार्ध से 4,000 से 6,000 किलोमीटर तक उड़ना व्हिंब्रेल के लिए आम बात है। 40-46 से.मी. साइज ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सुरक्षित प्रजनन के लिए तलाश

छत्तीसगढ़ में प्रवासी पक्षियों के अध्ययन में यह एक महत्वपूर्ण कड़ी निभाएगा, क्योंकि पहली बार जीपीएस लगे पक्षी को ट्रैक किया गया है। प्रवासी पक्षियों के आने जाने के रास्ते में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण स्थान रखता है। व्हिंब्रेल का मिलना इस बात को प्रमाणित करता है। सैटेलाइट के माध्यम से इस पक्षी का अध्ययन जारी ▶▶| शेष पेज 4 पर



R C PLASTO TANKS & PIPES PVT. LTD.
Unit-I : D-2/A, Hingna M.I.D.C., Near Wadi Toll Plaza, Wadi Road, Nagpur-440016
Unit-II : Plot No. 33-A-1, M.I.D.C. Hingna, Nagpur-440016 (M.S.)
info@plasto.in www.plasto.in
डिलरशीप एवं प्रोजेक्ट मटेरीयल हेतू 91300 76943
जॉब इन्क्वायरी हेतू 93260 71555
Bilaspur, Korba, Mungeli, Janjgir-Champa, Raigarh, Surguja, Ambikapur, Jashpur, Surajpur, Balrampur, Gaurella-Pendra, Manendragarh, Marwahi, Koriya, Chirimiri : 9130031430, 9370690999, 9175671831 Raipur, Rajnandgaon, Durg, Bhilai, Kawardha, Kabirdham, Dhamtari, Jagdalpur, Mahasamund, Bemetara, Baloda Bazar, Balod, Gariband, Kanker, Kondagaon, Narayanpur, Bijapur, Dantewada, Sukma : 9130077152, 9370690999, 91751 37484
AAA

24052024-Cit-02_Layout 1 5/24/2024 12:18 AM Page 1







# राहुल की देशभर में पदयात्रा के बाद कांग्रेस के घोषणापत्र पर जनता का भरोसा बढ़ा

## हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा से चुनावी-संवाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

*छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी रह चुकी कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा हरियाणा में सिरसा लोकसभा से चुनाव लड़ रही हैं। उनका मानना है कि कांग्रेस गठबंधन को इस बार सफलता मिलती दिख रही है। तीसरे चरण के बाद यह होने लग गया है कि गठबंधन को लोग महत्व दे रहे हैं। भाजपा और एनडीए की सरकार नहीं बनेगी। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर लोगों में भरोसा बना है, यह इसलिए क्योंकि राहुल गांधी ने देशभर में पदयात्रा कर लोगों की समस्याओं को समझा है। देश अब नरेंद्र मोदी और भाजपा की बातों और भावनात्मक मुद्दों पर नहीं आने वाला। हरियाणा में स्थिति इस बार उलटने वाली है। पिछली बार 10-0 था, इस बार यह 0-10 होने वाला है। भाजपा को यहां एक भी सीट नहीं मिलेगी। चुनावी संवाद में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का कुमारी सैलजा ने दिया बेबाकी से जवाब। बातचीत के प्रमुख अंश।*

▶▶ आप काफी समय से सिरसा में दिखाई नहीं दीं, अचानक यहां से चुनाव मैदान में उतर गईं?

▶▶ ▶▶ सिरसा हमारी पुरानी सीट रही है। यहां पर आते-जाते रहे हैं। यहां के दिग्गज पुराने लोगों से व्यक्तिगत मुलाकातें होती रहीं। यहां पर जो भी रहा, हमारे पिता के समय से हमारा वजूद रहा है। यहां से केवल चुनाव लड़ रही हूं। 67 से मेरे पिता यहां से सांसद रहे, उसके पहले भी रूपावन और फतेहाबाद में रहे। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत फतेहाबाद से की, यह सिरसा का हिस्सा है। मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे यहां के लोग याद करते रहे। वहां के लोगों ने कहा, सैलजा को यहां से लड़ाने की मांग की है। पार्टी को सही लगा तो यहां पार्टी की मजबूती के लिए मुझे भेजा गया।

▶▶ आप लोगों के टिकट तय करती हैं?

▶▶ ▶▶ तीन जगह से था, अंबाला में जहां पिछले 20 साल हमारा संपर्क रहा। हिसार मेरा गृह जिला है। यह सामान्य सीट है, फिर भी यहां से लोगों का प्यार और अपनापन होता ही है। सिरसा हमारी पुरानी सीट रही है। सिरसा में अंबाला में हमारे चार एमएलए जीते थे। जिनको टिकट दिए, उनमें से एक एमएलए थे। हाईकमान ने जो सर्वे कराया, उसमें भी जो फैसला आया, उसी के आधार पर यहां से टिकट दिया गया। हमने यहां पार्टी को बहुत मजबूत रखा था। जब वे चले गए तो पार्टी को लगा कि यहां फिर से मजबूती की जरूरत है तो वही करने में लगे हैं।

▶▶ अशोक तंवर ने पार्टी से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बनाई। अपने लोगों के खिलाफ चुनाव लड़ना कितना असहज लगता है?

▶▶ ▶▶ नहीं, अपने लोगों की बात नहीं है। हमने पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया। पहले भी मैं थी, दोबारा से पार्टी को यहां पर मजबूत भी करना है। मेरे लिए सर्वोपरि है कि पार्टी भी मजबूत रहे और हमारा एरिया भी मजबूत रहे, यह करना है। प्रत्याशी तो आते-जाते रहते हैं।

▶▶ आप चुनाव क्यों लड़ रही हैं। भाजपा-एनडीए 400 पार कर रही है, ऐसी हवा के संदर्भ में चुनाव क्यों लड़ रही हैं?

▶▶ ▶▶ मेरी शुरुआत यहीं से हुई है। यहां से चुनाव जीती भी हूं और हारी भी हूं। अंबाला से भी चुनाव जीता, हारी भी हूं। जब तक हम हैं, जमीनी तौर पर मजबूती देने का काम करते रहेंगे। लोगों के साथ हमारा संपर्क रहा है। चुनाव लड़ना और लोगों के साथ रहना, ग्रास रूट में रहना और पार्टी को मजबूत करना है। दोनों चीजें हैं कि जीतने के ही लड़ रही हूं। लोग भी मुझे जिताने में लगे हैं। 370 क्यों बोल रहे हैं, 400 सीट क्यों कह रहे हैं? संविधान बदलने के लिए? लोगों में कंफ्यूजन भाजपा पैदा कर रही है। 370 क्यों लाए हैं, अगर कश्मीर की बात है तो वहां चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं। राजनीति में आपका एजेंडा कुछ और है और कहीं कुछ है। जनता के बीच कुछ छिपा नहीं है। जनता इसका आकलन करती है।

▶▶ आप चुनाव किसके खिलाफ लड़ रही हैं, अशोक तंवर या भाजपा के खिलाफ?

▶▶ ▶▶ हम सिरसा के लोगों की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां के युवा, किसान, मजदूर, महिलाओं, गरीबों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और उनकी विचारधारा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। एक दिन पहले योगीजी जेसीबी की रैली निकाल रहे हैं। उनमें धार्मिक झंडे लगाकर रैली निकाल रहे हैं। क्या गरीबों के घर ढहाएंगे? अमीरों के घर तो कभी नहीं ढहाए।

▶▶ आप किससे ज्यादा परेशान हैं, दीपेंदर हुड्डा से या सुनीता दुग्गल से?

▶▶ ▶▶ मैं कभी परेशान नहीं होती। जो राजनीति में परेशान होंगे, वो घर बैठ जाएंगे। अपने प्रभाव के लिए सबको जद्दोजहद करनी पड़ती है। कोई मुझसे परेशान होता है तो अपनी परेशानी डील करे। सुनीताजी की अपनी परेशानी है। महिलाएं पहले विक्टिम हो जाती हैं। यह एक यूनिवर्सल ट्रूथ है। पार्टी की रणनीति तो ठीक है।

▶▶ हरियाणा में सीएम मनोहर लाल खट्टर के बदलाव से आपकी संभावनाओं को मदद मिल रही है या इससे दिक्कत हो रही है?

▶▶ ▶▶ यहां पर दोनों चीजें है। खट्टरजी रहते तो भी ठीक था। बदला तो भी ठीक है। सीएम की शकल देखी या नहीं, लोगों के बीच असमंजस की स्थिति है। इतनी एंटी इंकमबेंसी थी, इसलिए ऐन चुनाव से पहले बदला। यहां पर प्रशासन को भी कंफ्यूजन है। कहीं न कहीं वे घबरा गए या बदलाव जो हुआ, यह एक चूक है।



▶▶ गठबंधन जो टूटा है, उसे सैलजा किस तरह लेती हैं?

▶▶ ▶▶ यहां पर आपस में नूराकुश्ती चल रही है। असलियत ये है कि दोनों दल इस कदर डिस्क्रेटेड हो गए, दोनों एक-दूसरे के साथ जा भी नहीं सकते। हरियाणा में यह स्क्रिप्ट पहले से ही लिखी गई थी। चुनाव से पहले यह होना ही था। लोगों की आंखों में कितनी धूल झोकेंगे?

▶▶ सिरसा में क्या ऐसा है आपकी पार्टी के संदर्भ में कि आपको वोट दें?

▶▶ ▶▶ मैंने यहां के लोगों को कभी धोखा नहीं दिया, गुमराह भी नहीं किया। जितना हो सका, काम करने की कोशिश की है। रेपुटेशन एक दिन में नहीं बनती, सिरसा में हमने काफी काम किया। यहां पर रेलवे शुरू किया। मौका मिलेगा तो लोगों की सेवा करेंगे।

▶▶ भाजपा ने 10 साल में कायापलट कर दिया?

▶▶ ▶▶ कोई जमीन पर काम किया हो, ऐसा यहां कुछ दिखा नहीं। पता तो चले, कोई प्रोजेक्ट लाया केंद्र से। यहां मेडिकल कॉलेज बनाया, वह है कहां, राष्ट्रपति से शिलान्यास कराया। मुख्यमंत्री ने भी शिलान्यास किया, लेकिन वह इमारत कहां है? जब नान पॉलिटिकल लोग आ जाएं तो कहां काम होगा। खट्टरजी का कोई राजनीतिक स्टेटस नहीं रहा। लोगों से जुड़ाव अलग चीज है। वो जब लोगों के बीच नहीं गए। यहां नेट ही नहीं है। यहां पांच किलो अनाज दे रहे हैं, गरीबों को यह मिल रहा है, वह मिल रहा है। मोदीजी को कुछ पता नहीं, यहां पर बाजरी मिल रही है लोगों को, जो जानवर भी न खाएं। जब अनुभव न हो तो यही हाल होता है।

▶▶ राहुल गांधी के संदर्भ में कहा जाता है कि उनको जमीन को अता-पता नहीं रहता। आपके लिए वे समस्या है या समाधान बन पाए हैं?

▶▶ ▶▶ राहुल गांधी ने जो काम किया है, वैसा किसी ने नहीं किया। लोगों के बीच 10 हजार किलोमीटर चलकर गए। जो उन्होंने किया, वह किसी राजनेता नहीं किया। लोगों से मिलकर समस्याएं जानीं। यह भाजपा को प्रोपोगेंडा है। इस पर वे हदें पार कर गए हैं। जब भगवान जगन्नाथ को मोदीजी का भक्त बता दिया, इससे बड़ा प्रोपोगेंडा क्या हो सकता है?

▶▶ राहुल गांधी कह रहे हैं कि हमारी सरकार बनवा दो, महिलाओं को 1 लाख देंगे। देश का इतना बजट नहीं है, यह कैसे होगा?

▶▶ ▶▶ कांग्रेस ने गरीब परिवारों को ऊपर उठाने के लिए यह कहा। परिवार की एक गरीब महिला को यह सहायता देंगे। सारी चीजें देखकर ही यह कहा है। उन्हें ऊपर उठाएंगे। मैं गांव में लोगों से पूछती हूं कि मोदीजी के दोस्त कौन हैं तो लोग दो नाम बता देते हैं। हमारी दुश्मनी नहीं है। उनके दोस्तों ने कांग्रेस को टैंपो भरकर भेजे हैं, ये मोदीजी कहते हैं। तब उन्होंने क्यों ईडी और सीबीआई नहीं लगवाई। लोगों का कहना है कि सोना क्यों 75 हजार का हो गया है? मंगलसूत्र की बात करते हैं।

▶▶ देश, दुनिया की तीसरी ताकत बनने जा रहा है, इस पर अवरोध क्यों डालने में लगी हैं?

▶▶ ▶▶ हम अवरोध नहीं डाल रहे हैं। देश के दो-तीन लोग दुनिया में अमीर लोगों में गिनती में रहें। यहां के गरीबों को बाजरी दे रहे हैं। लोगों के पास रोजगार नहीं है। आप डिस्पेरिटी देखिए, काम है नहीं लोगों के पास। आप कट्टू मंडी जाएं, वहां पर लोग सामान नहीं ले रहे हैं। वहां पर लेबर काम मांग रहे हैं। वो कह रहे हैं कि हमें बाजरी मत दो, वे काम मांग रहे हैं। गरीबों को और गरीब बना दिए। गरीबों को यहां पर मकान बनाकर देने की बात करते हैं, बताएं तो, कहां पर बनाएं हैं। पिछले दस साल में कितने गरीबों के मकान बने हैं। इनसे आंकड़े मांगे गए, लेकिन कुछ है नहीं।

▶▶ आप के अनुसार काम नहीं किया तो इन्हें वोट कैसे मिल जाता है?

▶▶ ▶▶ पिछली बार की बात करें तो बालाकोट को राजनीतिक रूप से बहुत भुनाया। उसके चार माह बाद 75 पार का नारा दिया और 46 पर आ गए। इनको झूठ बोलने की आदत हो गई है, इसे हम पहचान गए हैं। इस बार उन्होंने मंदिर को भुनाने की कोशिश की, आप क्या करना चाहते हैं, यह बताएं।

## सोशल मीडिया

### एक धारा राम भक्तों की, दूसरी राम द्रोहियों की : योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में दो धाराएं स्पष्ट हो चुकी हैं, एक रामभक्तों, राष्ट्र भक्तों, विकास की है तो दूसरी राम द्रोहियों, भारत विरोधियों, गरीब कल्याण विरोधियों की है जो आतंकवाद को पनपने देते हैं और देश के साथ गद्दारी करते हैं। 'जब भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) का गठबंधन होता है, जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है तो कोई न कोई अनर्थ करने के लिए मिलती है।''

### बीजेपी का 400 पार का नारा उनका अहंकार : सचिन पायलट



कांग्रेस के कद्दावर नेता सचिन पायलट ने कांग्रेस की जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। पायलट ने कहा बीजेपी का 400 पार का नारा उनका अहंकार है। इंडिया गठबंधन बदलाव चाहता है। पायलट ने दावा किया कि राजस्थान में कांग्रेस बीजेपी से ज्यादा सीटें जीतेगी। इसके अलावा यूपी में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा। पायलट ने कहा, /"इस देश के संविधान में लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर कोई गरीब है तो उसकी मदद के लिए उसका धर्म नहीं देखना चाहिए। बीजेपी झूठ फैला रही है कि हम किसी खास वर्ग को आरक्षण देना चाहते हैं।

## लोकतंत्र को बचाने का है चुनाव : सोनिया



नई दिल्ली। दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दिल्ली वासियों से भावुक अपील की है। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आपका हर एक वोट रोजगार बनाएगा, महंगाई कम करेगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और एक सुनहरे भविष्य में समता और बराबरी का भारत बनाएगा। सोनिया गांधी ने कहा, ' मेरे प्यारे दिल्ली वासियों, यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है।' उन्होंने आगे कहा कि यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है। आपका हर एक वोट रोजगार बनाएगा, महंगाई कम करेगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और एक सुनहरे भविष्य में समता और बराबरी का भारत बनाएगा।सोनिया गांधी ने कहा कि मैं आपसे अपील करती हूं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को दिल्ली की सातों सीटों पर भारी मतों से विजयी बनाइए।

### मोदी किसानों के लिए लाए काले कानून : प्रियंका



हरियाणा के पानीपत में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान किसानों का देश है। इस देश की आत्मा में किसान हैं। इंदिराजी आपके लिए हरित क्रांति लेकर आई थीं, जिससे किसान आत्मनिर्भर बने। वहीं, नरेंद्र मोदी आपके लिए काले कानून लेकर आए, जिसके खिलाफ आप महीनों तक दिल्ली बॉर्डर पर बैठे रहे। लेकिन नरेंद्र मोदी समेत BJP का एक भी नेता आपको देखने तक नहीं आया। प्रियंका गांधी ने कहा कि ये महाभारत की धरती है। यहां से हमें भगवत गीता की सीख मिली है। इसने हमें अन्याय और अधर्म के खिलाफ लड़ना सिखाया है। खेल का मैदान हो, जंग का मैदान हो या खेत-खलिहान हो.. हरियाणा के लोग अपना खून-पसीना लगाकर खूब मेहनत करते हैं।

**वोटर टर्नआउट में अंतर पर देशभर में मचा है बवाल**

# कांग्रेस ने वोटिंग में 1.07 करोड़ की वृद्धि पर जताई चिंता, चुनाव आयोग ने समझाया गणित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के वोटिंग के दिन मतदान की संख्या और उसके द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों में अंतर को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इसको लेकर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मतदान में 'परिवर्तन' की कोई भी गणना मतदान के अगले दिन अद्यतन की गई संख्या और कुछ दिनों बाद जारी होने वाले अंतिम आंकड़ों के बीच के अंतर के आधार पर की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मतदान के अगले दिन अद्यतन की गई संख्या और अंतिम संख्या के बीच का अंतर केवल कुछ लाख का ही है। दरअसल कांग्रेस ने वोटिंग में 1.07 करोड़ की वृद्धि पर चिंता जताई है। उन्होंने मतदान के दिन चुनाव आयोग के ऐप पर दिखाए गए नंबरों और अंतिम मतदान डेटा के बीच अंतर की ओर इशारा किया है।

### क्यों दिख रहा कुछ लाख का अंतर

कांग्रेस की चिंता पर चुनाव अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले का हवाला देते हुए रिकॉर्ड पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि उन्होंने इसका उल्लेख किया कि मतदान के दिन के नंबरों को अगले दिन दिए गए नंबरों से अलग करके देखना गलत था। ऐसा इसलिए है क्योंकि मतदान के दिन दूरदराज के मतदान केंद्रों से मतदान विवरण आमतौर पर उपलब्ध नहीं होते हैं। अगले दिन तक सभी मतदान केंद्रों से वोटों का विवरण आ जाता है तो उसे अगले दिन अपलोड किया जाता है। जिसकी वजह से नंबर में कुछ अंतर दिखता है।




### मतदान में कितने प्रतिशत का अंतर

*मतदान के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा जारी 'अंतिम' आंकड़ों की तुलना में पूर्ण और प्रतिशत में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दिखा। उदाहरण के लिए पहले चरण के दौरान मतदान के दिन (19 अप्रैल) कुल मतदान प्रतिशत 63.5% रहा लेकिन जब अगले दिन कुल मतदान प्रतिशत आया तो वो बढ़कर अगले दिन 66.1% हो गया। हालांकि अंतिम मतदान प्रतिशत अपरिवर्तित रहा। ऐसा ही कुछ शुरुआती तीन चरणों में आए रुझान में दिखा। हालांकि, चौथे चरण में अंतिम मतदान प्रतिशत में मामूली वृद्धि हुई और यह पिछले आंकड़े 68.9% से बढ़कर 69.2% हो गया। इस चरण के दौरान अपडेट किए गए आंकड़ों में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। सूत्रों के अनुसार, इसका कारण बाद में दिन में अधिक मतदान होना था, जिसके कारण कई केंद्रों पर मतदान की अवधि बढ़ानी पड़ी। उच्च स्तर के संशोधन के दावों का खंडन करने के लिए चुनाव अधिकारियों ने 2019 के डेटा का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में सभी चरणों में, मतदान के दिन शाम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी संख्या और चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम संख्या के बीच का अंतर 1.5% और 3.4% के बीच था। चुनाव आयोग के एक सूत्र ने बताया कि बूथों पर मतदान पूरा होने के बाद मतदान दल फॉर्म 17 सी के साथ संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास आते हैं। इस फॉर्म में वोटों की सटीक संख्या सटीक लिखी होती है। अधिकारी ने आगे कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर कुल मतदान में किसी भी तरह के बदलाव या वृद्धि का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि विवरण फॉर्म 17सी में दर्ज किए जाते हैं और मतदान एजेंटों को इस फॉर्म की साइन की हुईं प्रतियां मिलती हैं।*

## 115 सीटों पर कैसे कम हो गए मतदाता? कांग्रेस ने उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में पांच चरणों का मतदान हो चुका है। 427 संसदीय क्षेत्रों के आंकड़ों का विश्लेषण करने से पता चलता है कि 115 (27 प्रतिशत) में 2019 की तुलना में कम लोग वोट करने आए। यहां बात वोटिंग पर्सेंटेज की नहीं हो रही है, बल्कि मतदान करने वाले मतदाताओं की कुल संख्या की हो रही है। भारत के इतिहास में शायद ही ऐसा कभी हुआ हो। यह कहना है ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चेयरमैन और कांग्रेस के डाटा एनालिस्ट प्रवीण चक्रवर्ती का। चक्रवर्ती ने 'द हिंदू' अखबार में एक लेख के जरिए आंकड़ों का विश्लेषण किया है और इस पर सवाल भी खड़ा किया है। प्रवीण ने यह तर्क भी दिया है कि हर पांच साल में वोटर्स की संख्या बढ़ती ही है। ऐसे में मतदान का प्रतिशत ऊपर-नीचे हो सकता है, लेकिन मतदान करने वालों की कुल संख्या में कमी हैरान करने वाली है। अगर 2024 के चुनावों की बात की जाए तो लगभग एक-तिहाई निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 के चुनावों की तुलना में मतदान करने वालों की संख्या घटी है।



कांग्रेस के डाटा एनालिस्ट प्रवीण चक्रवर्ती

### सर्वाधिक चौंकाने वाली बात

*चक्रवर्ती के मुताबिक इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि 115 निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में मतदाताओं की कुल संख्या में गिरावट आई है, जो भारत जैसे देश में आश्चर्यजनक है। इनमें से किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में 2014 में कुल मतदाताओं की संख्या में गिरावट नहीं हुई थी और 2019 में केवल 19 में ऐसा हुआ था। चक्रवर्ती बताते हैं कि केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश वे राज्य हैं जहां के सबसे ज्यादा संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या में कमी पाई गई है। प्रवीण चक्रवर्ती कहते हैं कि चुनाव आयोग को इसका कारण समझाना चाहिए।*

**1984 के चुनाव में बच्चन ने दिग्गज हेमवतीनंदन बहुगुणा को दी थी शिकस्त**

# अमिताभ के बाद इलाहाबाद सीट से 40 साल से नहीं जीती कांग्रेस

**एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में नई सरकार के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है। इसी बीच, इलाहाबाद की लोकसभा सीट भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इलाहाबाद सीट से कांग्रेस 40 साल से लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई है। यहां से फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन ने 1984 में कांग्रेस को जीत दिलाई थी। कांग्रेस पार्टी ने अब उज्ज्वल रमण पर दांव खेला है। वहीं, बीजेपी ने नीरज त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। इलाहाबाद लोकसभा सीट पर 25 मई को वोटिंग होगी। अपने बचपन के दोस्त पूर्व पीएम राजीव गांधी के कहने पर 1984 के चुनाव में उतरे अमिताभ बच्चन को 2.97,461 वोट मिले थे जो कुल पड़े 4,36,120 वोटों का 68.21 फीसदी था। दूसरे नंबर पर लोकदल के उम्मीदवार हेमवती नन्दन बहुगुणा रहे जिन्हें 1.09,666 वोट मिले थे। 1984 के उस लोकसभा इलेक्शन में अमिताभ बच्चन और बहुगुणा के अलावा बाकी के 24 प्रत्याशियों को एक प्रतिशत वोट भी नहीं मिले थे।

### *कांग्रेस के उज्ज्वल रमण व बीजेपी के नीरज त्रिपाठी के बीच है मुकाबला*



### इलेक्शन में गढ़े गए कई तरह के नारे

1984 के लोकसभा चुनाव में हेमवती नंदन बहुगुणा और मेगास्टार अमिताभ बच्चन के बीच लड़े गए चुनाव में कई तरह के नारे भी बने। लोगों का इस तरह का समर्थन अमिताभ बच्चन को मिल रहा था कि चुनाव की कमान कांग्रेस के भी हाथ से निकल गई थी। बल्कि चुनाव की कमान जनता ने अपने हाथों में ले ली थी। कांग्रेस पार्टी और विपक्ष दलों के नारे राजनीतिक थे। लेकिन युवाओं ने इस चुनाव में कुछ अलग ही नारेबाजी कर थे जो खूब चर्चा में रहे। युवाओं की तरफ से नारे लग रहे थे कि एक नारा युवाओं की तरफ से यह भी गढ़ा गया कि जब से अमिताभ आए हैं बहुगुणा नहीं नहाए हैं।

### *25 मई को होगी इस महत्वपूर्ण सीट पर वोटिंग*

**हार का सूखा खत्म करने की चाहत**

इलाहाबाद लोकसभा सीट की बात करें तो कांग्रेस इस बार हार का सूखा खत्म करने के लिए मैदान में उतरी है। इस बार इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस पार्टी ने उज्ज्वल रमण को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। इस सीट ने देश को बड़ी राजनीतिक शख्सियतें दी हैं। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, मुरली मनोहर जोशी, जनेश्वर जैसे राजनीतिक दिग्गज यहां से चुनाव जीते। हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज को हराकर अमिताभ बच्चन भी यहां के सांसद रहे। इस सीट से पहले सांसद श्रीप्रकाश स्वतंत्रता सेनानी थे और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उनके बाद लाल बहादुर शास्त्री 1957 में यहां से सांसद चुने गए। 1973 में भारतीय क्रांति दल के जनेश्वर मिश्रा को लोगों ने विजयी बनाया है। 1984 में अमिताभ बच्चन कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए।

### मुरली मनोहर जोशी तीन बार सांसद रहे

1998, 2004 और 2009 में मुरली मनोहर जोशी ने जीत दर्ज की। 2004 में समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह यहां से चुने गए। 2014 में मोदी लहर में यह सीट बीजेपी के खाते में चली गई, तब से इस सीट पर भारतयी जनता पार्टी का कब्जा है। बता दें, मुरली मनोहर जोशी तीन बार इस सीट से सांसद रहे। दो बार लाल बहादुर शास्त्री और दो बार कुंवर रेवतीरमण सिंह सांसद चुने गए। साल 1988 में हुए उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कांग्रेस के सुनील शास्त्री को हराया और बसपा संस्थापक कांशीराम को तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था।

रायपुर, शुक्रवार 24 मई 2024 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 22, अंक : 306 | पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## इनको भी मानसून का इंतजार....

बारिश और ठंड में पहाड़ और जंगल के बीच कलरव करती बहने वाली खूबसूरत जल धाराएं गर्मी में सूख चुकी हैं। मैनपाट, चित्रकोट से लेकर जतमई, घटारानी भीषण गर्मी में बेजान हैं और इन झरनों को भी बौछारों का बेसब्री से इंतजार है। बारिश के साथ ही इनकी खूबसूरती लौटेगी और मानसून की रफ्तार के साथ जंगल का रौनक शबाब पर होगा।

- नौतपा कल से... बदले हालात, उत्तर-पश्चिम से आ रही हवा चढ़ाएगी पारा
- मौसम विभाग का अनुसार, 43-44 डिग्री पार करेगा तापमान

*राजधानी सहित पूरे प्रदेश में 27 और 28 को निर्मित हो सकती है लू की स्थिति*



# दो दिन बादल फिर 48 घंटे हीट वेव, टूटेगा रिकार्ड जून के पहले हफ्ते में बौछारों से ही मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

उत्तर-पश्चिम से आ रही हवा के कारण प्रदेश का मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। नौतपा में शुरुआती दो दिन आकाश में हल्के बादल छाए रहेंगे। इस दौरान तापमान में विशेष वृद्धि तो नहीं होगी, लेकिन उमस भरी गर्मी लोगों को हलाकान करेगी। नौतपा के दो दिन बाद अर्थात 27 और 28 जून को प्रदेश में हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है। राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में इन 48 घंटों में लू ▶▶शेष पेज 4 पर

### फिलहाल पारा सामान्य से कम

कल से शुरू होने जा रहे नौतपा के पहले प्रदेश का तापमान सामान्य से कम है। राजधानी रायपुर में गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री कम 40.4 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.8 डिग्री कम 25.7 डिग्री दर्ज हुआ। सर्वाधिक तापमान दुर्ग में 42.6 डिग्री रहा। सबसे कम तामपान अंबिकापुर में 23 डिग्री रहा।

### छाए रहेंगे बादल अंधड़ की चेतावनी

रायपुर में आकाश शुक्रवार को भी आंशिक मेघमय रहेगा। आसमान में सुबह से ही बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश की विशेष संभावना नहीं है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। कुछ जगहों में अंधड़ चल सकते हैं और वज्रपात भी हो सकता है। इसके पहले गुरुवार को प्रदेश के कुछ स्थानों मे हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक 5 सेमी बारिश कवर्धा में हुई है। माना में 1 सेमी बारिश दर्ज हुई। अन्य जगहों में बूंदाबांदी ही हुई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# बंगाल में बवाल, भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के बाद उपद्रव, लाठीचार्ज में कई घायल

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में गुरुवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। नंदीग्राम में बुधवार रात हिंसा भड़क उठी, जिससे राज्य की सियासत गरमा गई। घटना पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम विधानसभा के ब्लॉक नंबर एक के सोनचूरा गांव के मनसा बाजार की है।

बताया जा रहा है कि तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने कई भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में घुसकर धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता की मौत हो गई और 7 अन्य भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। मृतक का नाम रथीबाला आड़ी बताया जा रहा है। घायलों में से एक को कोलकाता रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। इस हमले से गुस्साए भाजपा ▶▶शेष पेज 4 पर

*पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई है। इसमें भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता रथीबाला आड़ी की मौत हो गई है, वहीं भाजपा के 7 कार्यकर्ता घायल भी हुए हैं। लोकसभा चुनावों के छठवें चरण की वोटिंग से पहले नंदीग्राम में तनाव सामने आया है। तामलुक लोकसभा क्षेत्र में आने वाले नंदीग्राम में 25 मई को वोटिंग होनी है। इस बीच, केंद्रीय फोर्स की तैनाती की गई है।*

- भाजपा कार्यकर्ताओं जलाए टायर, किया सड़क जाम
- एक दुकान फूंकी, कई में की गई तोड़फोड़





### छठे चरण का प्रचार थमा, 58 सीटों पर कल मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार गुरुवार शाम खत्म हो गया। छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होनी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी, निरहुआ, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में बंद हो जाएगा।

### टीएमसी बोली : पारिवारिक विवाद से हत्या

नंदीग्राम के तृणमूल कांग्रेस नेता स्वदेश दास ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया, मृतक महिला का कुछ पारिवारिक विवाद था और हो सकता है इसी कारण से उसकी हत्या की गई हो। जिला पुलिस के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला की हत्या के मामले में जांच चल रही है। तमलुक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नंदीग्राम सीट पर शनिवार यानी 25 मई को मतदान होगा।

### नंदीग्राम पहुंचे केंद्रीय बल के जवान

मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय बल नंदीग्राम पहुंचे और लाठीचार्ज किया गया। यहां के सोनाचुरा इलाके में एक दुकान में आग लगा दी गई। इसके अलावा कुछ और दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई है।

## पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश से टकराएगा चक्रवात 'रेमल'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र और तेज हो जाएगा और रविवार शाम तक यह भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और इससे सटे पश्चिम बंगाल के तटों से टकरायेगा। इस मानसून पूर्व मौसम में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है। नामकरण प्रणाली के अनुसार, इस तूफान का नाम रेमल रखा गया है।

- मानसून का पहला चक्रवात 26 को

### इन राज्यों में अलर्ट

आईएमडी के मुताबिक, रविवार को चक्रवात के कारण 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को तट पर लौटने तथा 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी गई है।

### इधर, भीषण गर्मी से चार की मौत

राजस्थान में इन दिनों इतनी भयंकर गर्मी पड़ रही है। प्रदेश का अधिकतम तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया है। बुधवार को प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई, जिसका कारण भीषण गर्मी बताया जा रहा है, जिसमें बालोतरा में 3 और अलवर शहर में 1 शख्स की मौत हुई। इधर, मौसम विभाग ने अहमदाबाद और गांधीनगर में रेड अलर्ट जारी कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### काम्या ने एवरेस्ट फतह कर बनाया रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की। काम्या ने अपने पिता कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट को फतह किया।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो दोस्तों की मौत



**इंदौर।** इंदौर में बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की बुधवार देर रात मौत हो गई। एक छात्र करंट का झटका लगने से मामूली तौर पर घायल हो गया। राऊ थाना क्षेत्र की सिलिकॉन सिटी में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर दिव्यांश कानूनगो (21) और नीरज पटेल की मौत हो गई।

### मालदीव में जल्द शुरू होगा रुपे कार्ड



**माले।** मालदीव में जल्दी ही भारत का रुपे कार्ड शुरू होगा। इससे मालदीव की मुद्रा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब मालदीव और भारत बीच द्विपक्षीय संबंध थोड़ा असहज है। रुपे भारत में वैश्विक कार्ड भुगतान नेटवर्क में शामिल पहला कार्ड है।

### महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक पाटिल का निधन



**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक पी. एन. पाटिल का अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। कोल्हापुर जिले के करवीर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पाटिल को रविवार को अपने घर के बाथरूम में गिरने के बाद सिर में गंभीर चोट लगी थी।

# साय का जमशेदपुर में रोड शो, कहा- झारखंड में भी जीतेंगे सभी 14 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को जमशेदपुर में रोड किया। यहां पर उन्होंने झारखंड की सभी 14 सीटों के साथ छत्तीसगढ़ की भी सभी 11 सीटें जीतने की बात कही। इसी के साथ कहा, जिस राज्य का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हो, उस राज्य के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा। यहां एक मंत्री भी ईडी की गिरफ्त में हैं। उनके नौकर के यहां से करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं। यह ▶▶शेष पेज 4 पर



### छत्तीसगढ़ और झारखंड जुड़वा भाई

श्री साय ने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ जुड़वा भाई हैं। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक साथ इन दोनों प्रदेशों के साथ ही उत्तरांखड प्रदेश का भी गठन किया था। छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष तक भाजपा सत्ता में रही। सिर्फ एक बार कांग्रेस के लोक-लुभावनी घोषणाओं को मान कर ▶▶शेष पेज 4 पर

बायलर फटा, 56 घायल

## केमिकल फैक्ट्री में फटा बॉयलर, आठ की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में गुरुवार को रसायन बनाने वाले एक कारखाने में विस्फोट होने के बाद आग लग गई, जिसके कारण आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 56 अन्य घायल हो गए। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने क्षेत्र का दौरा किया।

### तीन धमाके

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फैक्ट्री में तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। कारखाने में हुआ धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट से खिड़कियों के शीशों में दरारें आ गईं।

हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई थी मौत

## ईरान के राष्ट्रपति को मशहद में किया गया सुपुर्द-ए-खाक



**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को देश के दूसरे सबसे पाक जगह मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया गया है। इसके साथ ही विदेश मंत्री समेत 9 लोगों को दफनाया गया है। 19 मई को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में उनकी मौत हो गई थी।

### धनखड़ ने अर्पित की श्रद्धांजलि

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेहरान में आयोजित आधिकारिक कार्यक्रम में ईरान के राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि अर्पित की। धनखड़ की तेहरान पहुंचने पर ईरान के अधिकारियों ने अगवानी की।

8 हजार 400 का बीज अब 11 हजार 994 रुपए क्विंटल में

# किसानों की भी नहीं गली दाल, अरहर बीज इस बार तीन से पांच हजार रुपए महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में अरहर दाल के बीज का रेट पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ा है। पिछले साल जो बीज 8400 रुपए क्विंटल था अब वह 11 हजार 994 रुपए में मिलेगा। यानी हर क्विंटल बीज पर किसानों को 3 हजार 596 रुपए ▶▶शेष पेज 4 पर


### इस तरह हुआ कीमत का निर्धारण

बीज निगम द्वारा अरहर के बीज की दरें निर्धारित करने वाले परिपत्र में बताया गया है कि यह दर किस आधार पर तय की गई है। इसमें बताया गया है कि भारत सरकार एवं राज्य ▶▶शेष पेज 4 पर



### महंगी होगी दाल, केंद्र की नीति जिम्मेदार

रायपुर कृषि उपज मंडी के सदस्य एवं चेंबर से जुड़े पदाधिकारी विजय शर्मा का कहना है कि है अरहर के बीज का रेट बढ़ने से जाहिर है कि अरहर की दाल की कीमत बढ़ेगी। श्री शर्मा का ये कहना भी है कि केंद्र ▶▶शेष पेज 4 पर



24052024-Dak-08_Layout 1 5/23/2024 9:27 PM Page 1



## चिंतन

# रिकार्ड सूचकांक व लाभांश मजबूत आर्थिक संकेतक

भाचाहे अब जबकि केवल दो चरण के चुनाव शेष हैं, आर्थिक मोर्चे पर आ रही खबरें बहुमत की सरकार की ओर इशारा कर रही हैं। शायद बाजार को अनुमान हो गया है कि केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। छठे चरण के चुनाव से ठीक दो दिन पहले भारतीय शेयर बाजार रिकार्ड उच्च स्तर पर जाना संकेत है कि पूंजी बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है। बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से भारतीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की अपनी सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी भी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। इस तेजी का निवेशकों को बहुत फायदा हुआ है। निवेशकों की संपत्ति बृहस्पतिवार को 4.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर (4.28 लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण भी बृहस्पतिवार को पांच लाख करोड़ डॉलर से आगे निकल गया। कोरोनाकाल के बाद भारतीय घरेलू खुदरा निवेशकों की रुचि शेयर बाजार में बढ़ी है। 10 साल में डीमैट अकाउंट 2.3 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गए हैं। म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या 1 करोड़ से बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है। बाजार-समर्थक सुधारों से शेयर बाजार में निवेश का रुझान बढ़ा है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिरता व तेज वृद्धि के चलते बढ़ी है। खास बात है कि शेयर बाजारों में यह रिकार्ड उछाल रिजर्व बैंक की तरफ से अब तक के सर्वाधिक लाभांश भुगतान को मंजूरी दिए जाने के अगले ही दिन आया है। रिजर्व बैंक बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2,10,874 करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। ये पिछले साल से 1.23 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में आरबीआई ने सरकार को 87,416 करोड़ का लाभांश दिया था। रिजर्व बैंक की आय और व्यय के बीच के अंतर को लाभांश या सरप्लस कहते हैं। रिकॉर्ड लाभांश भुगतान बेहतर राजकोषीय स्थिति और नरम बॉन्ड प्रतिफल की ओर इशारा करता है। इस रिकार्ड लाभांश से सरकार को राजकोषीय घाटा 0.4 फीसदी कम करने में मदद मिलेगी। अगर चुनाव के नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहते हैं, तो जून के पहले सप्ताह में निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक जून को नतीजे के दिन स्टॉक मार्केट के रिकार्ड प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। रिजर्व बैंक की घरेलू और विदेशी प्रतिभूतियों की होल्डिंग पर ब्याज, सर्विसेस से फीस और कमीशन, फॉरेन एक्सचेंज ट्रांजैक्शन से प्रॉफिट, सब्सिडियरी और एसोसिएट कंपनियों से रिटर्न आदि के रूप में आय होती है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने रिकार्ड लाभांश से भारत की वैश्विक रेटिंग को समर्थन मिलने की बात कही है। रिकार्ड सूचकांक व लाभांश अर्थव्यवस्था के मजबूती के संकेतक हैं।



अर्थराजनीति
डा. जयंतीलाल भंडारी

# अर्थतंत्र में योगदान दे रहे प्रवासी

**18वीं लोकसभा चुनाव में प्रवासी भारतीय पिछले लोकसभा चुनाव में किए गए मतदान की तुलना में अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक मतदान करते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं प्रवासी भारतीय अर्थतंत्र को अधिक मजबूत बनाते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। 22 मई को रिजर्व बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार मार्च में खत्म हुए वर्ष 2023– 24 में प्रवासी भारतीयों ने 14 .7 अरब डालर यानी करीब 1 .22 लाख करोड रुपये का डिपाजिट भारतीय बैंकों में किया है। यह राशि पिछले वर्ष के मुकाबले 63 .5 प्रतिशत ज्यादा और पिछले 8 वर्षों का रिकॉर्ड डिपाजिट है। प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।**

यकीनन इस समय जहाँ एक ओर 18वीं लोकसभा चुनाव में प्रवासी भारतीय पिछले लोकसभा चुनाव में किए गए मतदान की तुलना में अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक मतदान करते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं प्रवासी भारतीय अर्थतंत्र को अधिक मजबूत बनाते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। 22 मई को रिजर्व बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार मार्च में खत्म हुए वर्ष 2023- 24 में प्रवासी भारतीयों ने 14.7 अरब डालर यानी करीब 1.22 लाख करोड रुपए का डिपाजिट भारतीय बैंकों में किया है ।यह राशि पिछले वर्ष के मुकाबले 63.5 प्रतिशत ज्यादा और पिछले 8 वर्षों का रिकॉर्ड डिपाजिट है। इसी तरह 7 मई को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी की नई रिपोर्ट 2024 के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2022 में भेजा गया रेमिटेंस यानी प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन 111 अरब डॉलर है, जो कि दुनिया के अन्य किसी भी देश के प्रवासियों की तुलना में सर्वाधिक है।

भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर का मानना है कि अधिकांश प्रवासी भारतीयों की चाहत भारत में मजबूत लोकतंत्र और मजबूत नई सरकार का गठन है । प्रवासी भारतीय भारत में ऐसी नई सरकार चाहते हैं जिससे प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त हो। साथ ही नई सरकार प्रवासियों के दुख- दर्द में भी अधिक सहभागिता कर सके। इस फंडराइजर का कहना है कि प्रवासियों के द्वारा भारत की लगातार तरक्की पर गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। वाणिज्य, छोटे और बड़े व्यवसाय, रेलवे विकास, सड़क सबके बुनियादी ढांचे में जो बड़ा निवेश किया जा रहा है, उसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब है कि यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2022 में भेजा गया रेमिटेंस दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है।यह उपलब्धि प्रवासी भारतीयों के परिश्रम, उनकी दक्षता और उनके मातृभूमि के प्रति स्नेह को भी रेखांकित करती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में रेमिटेंस छलांगे लगाकर बढ़ा है। भारत में वर्ष 2010 में भारत में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। भारत 100 डॉलर का आंकड़ा पार करने वाला पहला देश बन गया है, जहां एक साल में विदेश से इतनी बड़ी रकम भेजी गई है। खास बात यह भी है कि प्रवासी भारतीयों की ओर भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में भारत आए कुल 83.57 अरब ड़ॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से भी ज्यादा है। भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी



भारत के हैं जिनकी संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख हैं। यह देश की कुल जनसंख्या का करीब 1.3 फीसदी हिस्सा है। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूंजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जब वर्ष 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुँच गई थी और दुनिया के विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में धीमापन आने के कारण भारतीय प्रवासियों की आमदनी में बड़ी कमी आई थी, फिर भी आर्थिक मुश्किलों के बीच प्रवासियों के द्वारा बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। अभी भी विदेशों में बड़ी संख्या में प्रवासियों को आर्थिक तंगी समेत कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं विदेशी कार्यस्थलों पर दुर्व्यवहार और नौकरी के समय जिनोफोबिया जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।

निश्चित रूप से इस लोकसभा चुनाव के बाद भारत में एक स्थिर व मजबूत सरकार दुनिया के विभिन्न देशों में संकटों के बीच फंसे भारतीय प्रवासियों को संकट से बचाने और जरूरत होने पर भारत वापसी के लिए महत्वपूर्ण अभियान को अधिक प्रभावी रूप से पूरे करते हुए दिखाई दे सकेगी। ज्ञातव्य है कि पिछले दो वर्षों के तहत जहाँ वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। जब वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अभी भारत के द्वारा अपने प्रवासियों के दुख दर्दों को कम करने में और अधिक सहयोग किया जाना होगा। खाड़ी देशों में भारतीय कामगार बड़ी संख्या में है पर ऐसे भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है जो गलत लोगों या संस्थाओं के हाथ लगकर दुर्दशा के शिकार हो गए है। यद्यपि भारत सरकार ने विभिन्न शिकायतों पर संबंधित देशों की सरकारों से दखल देने को कहा है। लेकिन भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है। दुनिया के कोने-कोने में विस्तारित भारतीय प्रवासियों का मत है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे दुनिया में इंडिया फिलांथ्रोपी अलायन्स (आईपीए) जैसे भारत हितैषी संगठन तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि आज दुनिया के हर बड़े मंच पर भारत की आवाज सुनी जाती है। कहीं भी संकट आता है, तो सबसे पहले पहुंचने वाले देशों में भारत का भी नाम होता है। ऐसे में भारतीय प्रवासियों का मत है कि एक मजबूत सरकार भारत के विकास को और बल देगी। हम उम्मीद करें कि इस लोकसभा चुनाव के बाद देश में एक ऐसी मजबूत और प्रभावी सरकार का गठन होना जरूरी है जिसके द्वारा प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। साथ ही प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और भारत को विकसित देश बनाने के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे सकेंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उपलब्धि
अरविंद कुमार मिश्रा




# सौर ऊर्जा उत्पादन में अहम भूमिका निभा रहे छोटे राज्य

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के रजौटी गांव के रहने वाले मनमोहन सिंह को किसी समय साफ पानी के लिए दूर चलकर जाना पड़ता था, अब जलजीवन मिशन के अंतर्गत लगे सोलर ड्यूल पंप की बदौलत उनके घर तक बिना रुकावट पानी आ रहा है। सरगुजा जिले में बटवाही गांव के अली हुसैन की जिंदगी में सूरज की रोशनी ने तरक्की का ऐसा उजाला बिखेरा है, जो हर किसान को प्रेरित करता है। हुसैन पहले सिर्फ धान की फसल पर निर्भर थे। इसके बाद सौर सुजला योजना की उन्हें जानकारी मिली, इसके तहत उन्होंने सिर्फ 5 प्रतिशत हितग्राही अंशदान से 3 हॉर्स पावर का सोलर पंप खेत में लगवाया। सूरज की रोशनी से चलने वाले इस पंप की बदौलत उन्होंने खरीफ के बाद खाली खेत में सब्जियां लगानी शुरू की। इससे उनकी आमदनी दोगुनी हो चुकी है, उन्हें गांव में ही अच्छा रोजगार मिल गया है।सौर ऊर्जा से किसानों से लेकर सामान्य जन के जीवन में आए बदलाव की यह सच्ची घटनाएं छोटे राज्यों की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की कहानी बयां करती हैं। राज्य की विष्णु देव साय सरकार ने ऊर्जा के गैर जीवाश्म स्रोतों की ओर जिस तेजी से कदम बढ़ाया है। सरकार अगले छह साल में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों से 50 प्रतिशत ऊर्जा की मांग पूरी करना चाहती है। छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) ने एनर्जी ट्रांजिशन के लिए जो कार्ययोजना तैयार की है, वह न सिर्फ अत्यंत महात्वाकांक्षी है, बल्कि छोटे राज्यों के लिए भविष्य में मॉडल बन सकती है। इस कार्ययोजना में हर विभाग में जीवाश्म ईंधन की जगह सौर ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाने के लक्ष्य तय किए गए हैं। सौर ऊर्जा चलित स्ट्रीट लाइट, मॉडल सौर ग्राम परियोजना, आवासीय सोसाईटी,शासकीय कार्यालयों एवं व्यावसायिक भवनों में सौर संयंत्रों की स्थापना प्रमुख हैं। राज्य में एफसीआई और राज्य वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित गोदामों को भी ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्र स्थापित भंडारण केंद्रों में सौर बिजली से ईंधन की आपूर्ति करने की तैयारी है। जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों की ओर कदम बढ़ाने की दिशा में इन राज्यों ने ऊर्जा विविधिकरण को वरीयता दी है। छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2017-2027, छत्तीसगढ़ लघु पन बिजली परियोजना नीति-2006 एवं छत्तीसगढ़ पवन ऊर्जा नीति लागू कर दी गई थी। प्रदेश इस समय 1072.54 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। कुछ महीने पहले ही सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने राज्य मेंदेश की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) को सफलतापूर्वक परिचालित किया है। यह हरित प्रौद्योगिकी सौर ऊर्जा का उपयोग करके ऊर्जा का भंडारण करती है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में स्थापित यह परियोजना सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) संयंत्र के साथ 40 मेगावाट बीईएसएस है, जिसकी स्थापित क्षमता 152.325 मेगावाट घंटा और प्रेषण क्षमता 100 मेगावाट एसी (155.02 मेगावाट पीक डीसी) की है। इस बिजली की खरीदी छत्तीसगढ़ सरकार करेगी। इस तरह यह हरित इलेक्ट्रॉनों का उपयोग करके राज्य की ऊर्जा आवश्यकता को पूरी करेगा। इस परियोजना के चालू होने से हर साल हर साल कई टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने का अनुमान है। यह परियोजना सूर्य के चमकने पर सौर्य ऊर्जा को एकत्रित करने के लिए बैटरी भंडारण का उपयोग करती है। इसके बाद शाम को बिजली की अधिक मांग होने पर इसका उपयोग करती है।

सौर ऊर्जा व हाइब्रिड प्रौद्योगिकी परियोजना में नवाचार के अंतर्गत विश्व बैंक और स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष से वित्त पोषण के साथ-साथ घरेलू ऋण एजेंसियों से प्राप्त आर्थिक सहयोग से इस परियोजना का निर्माण हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बिजली वितरण कंपनी (सीएसपीडीसीएल) के साथ एसईसीआई का दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौता इस परियोजना की आर्थिक रूप से सक्षम बनाएगा। इस परियोजना की सबसे ख़ास बात यह है कि इसे अप्रयुक्त भूमि पर विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ और डोंगरगांव तहसील के 9 गांव की 451 एकड़ बंजर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। इस परियोजना के तहत बाइफेशियल सोलर पैनल मॉड्यूल स्थापित किए गए हैं, यह जमीन से प्रकाश को परावर्तित करते हैं। इस तरह मोनोफेशियल सोलर पैनल की तुलना में यह अधिक बिजली उत्पादन करते हैं। ग्रामीण इलाकों में परती और बंजर जमीन पर अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सबसे प्रभावी हरित तकनीक बनकर सामने आई है।

(लेखक एनर्जी विश्लेषक व पर्यावरण विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह




संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।


## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बुढ़ापा सुरक्षित करने की नहीं होती बात**

लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। देश की बागडोर सौंपने के लिए कुछ राज्यों ने मतदान कर दिया है और अब कुछ ही राज्यों में मतदान शेष है। आम चुनाव की हो रही है गर्मागर्म राजनीति, लेकिन हमें अपने ठंडे दिमाग से सोचकर करना है अपने कीमती वोट का प्रयोग। आम चुनाव में वैसे तो राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दे चलते हैं। जहां तक प्रदेश की बात है, यहां बहुत से मुद्दे हैं, उन पर अभी भी गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। आमजन को इन मुद्दों को ध्यान में रखकर अपने कीमती मत का प्रयोग करना चाहिए। प्रदेश में बहुत से ऐसे बुजुर्ग हैं जिनका बुढ़ापा गरीबी में कट रहा है, बुढ़ापा सुरक्षित करने की बात होनी चाहिए। इनकी मांगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*-मनोज चंद्राकर, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# बडिगा अमेरिकी अदालत में न्यायाधीश नियुक्त

भारतीय–अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में पैदा हुई बडिगा न्यायाधीश रॉबर्ट एस. लाफम की जगह लेंगी जो सेवानिवृत्त हो गए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य बडिगा ने 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में और 2018 में कैलिफोर्निया गवर्नर के आपातकालीन सेवा कार्यालय में एक वकील के रूप में भी काम किया।



सैक्रामेंटो कंट्री पब्लिक लॉ लाइब्रेरी के अनुसार, बडिगा एक प्रमाणित पारिवारिक कानून विशेषज्ञ हैं और उन्होंने दस वर्ष से अधिक समय तक पारिवारिक कानून से संबंधित काम किया है। इस बीच, गवर्नर ने फ्रेस्नो काउंटी के राज सिंह बधेशा को फ्रेस्नो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। बधेशा न्यायाधीश जॉन एन. कपेटन का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो गए हैं। वह 2022 से फ्रेस्नो सिटी अटॉर्नी कार्यालय में मुख्य सहायक नगर वकील के रूप में कार्य कर रहे थे।

## ऑफ बीट

# आखिर नेट जीरो क्या है? यह अवधारणा कहां से आई

वास्तव में 'नेट ज़ीरो' क्या है, और यह अवधारणा कहाँ से आई? शुरू से ही, वैज्ञानिकों और सरकारों ने माना कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना समीकरण का केवल एक पक्ष था। उत्सर्जन की भरपाई या भरपाई करने के तरीके खोजना भी आवश्यक होगा। क्योटो प्रोटोकॉल की बाद की बातचीत ने वैश्विक कार्बन चक्र में कार्बन सिंक के रूप में वनों की भूमिका का समर्थन किया। इसने अच्छे वन वाले विकासशील देशों को उभरते कार्बन ऑफसेट बाजार में भाग लेने और ''कार्बन तटस्थता'' के कार्बन लेखांकन लक्ष्य तक पहुंचने में अपनी भूमिका निभाने का साधन भी प्रदान किया। उन शर्तों के तहत, क्योटो प्रोटोकॉल के अधीन औद्योगिक देश कम लागत वाले शमन के रूप में अपने स्वयं के उत्सर्जन की भरपाई के लिए विकासशील देशों को भुगतान कर सकते हैं। क्योटो प्रोटोकॉल बढ़ते वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में असमर्थ था, और एक उत्तराधिकारी समझौता अनिश्चित दिखाई दिया। परिणामस्वरूप, 2000 के दशक के अंत में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को हटाने के लिए अत्यधिक विवादास्पद जियोइंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग करने की संभावना की ओर रुचि बढ़ी।




## ट्रेंड

### उपलब्धि पर बधाई



शाबाश सचिन, शाबाश। जापान में आयोजित विश्व पैरा एथलीट में भारत के सचिन सर्जेराव ने 16.30 मीटर शॉटपुट फेंक स्वर्ण पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया है। सचिन को इस उपलब्धि पर बधाई।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री


### दो मुख्यमंत्री गिरफ्तार



दो मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुए। आदिवासी मुख्यमंत्री अब भी जेल में हैं। वे पहले जेल गए, अब तक बाहर नहीं आए। मायावती भ्रष्ट हैं लेकिन नवीन पटनायक भ्रष्ट नहीं है, लालू यादव भ्रष्ट हैं, बड़ी अजीब बात है अपने आप फ्रेमिंग हो जाती है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बच्ची से मिला



प्रतिदिन प्रचार के बाद एयरपोर्ट के बाहर मीडिया कर्मियों के साथ नियमित संवाद होता है। अचानक आज उसी क्रम में हवाई अड्डे पर किसी के आगमन का इंतज़ार कर रही एक प्यारी सी बच्ची ने मिलने की ज़िद की और बहुत कुछ पूछ डाला।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### ये फर्जी है



एक रेहान मालिक ने मेरा फर्जी वीडियो बनाया है और इसे "रेहान मलिक - ईमानदार टिपर!" के नाम से अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट कर दिया है। यह एक सट्टेबाजी साइट है.कृपया इससे भ्रमित न हों। ये फर्जी है।

-अनुपम खेर, अभिनेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

haribhoomi.com
हरिभूमि बालभूमि
रायपुर, शुक्रवार
24 मई 2024
03
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

एंज्वॉयमेंट / शिखर चंद जैन

# समर वेकेशंस में खेलो मजेदार गेम्स

बच्चों, इन दिनों समर वेकेशंस चल रही है तो यह बनता ही है कि इसे एंज्वॉय किया जाए। हम तुम्हें देश-विदेश के ऐसे कुछ इनडोर और आउट डोर गेम्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम अपने दोस्तों के साथ खेलकर खूब मस्ती कर सकते हो।



## पास द पार्सल, यूके

**पास द पार्सल,** यूके (ब्रिटेन) के बच्चों का पसंदीदा खेल है। इस खेल की शुरुआत भले ही यूके से हुई, लेकिन दुनिया के कई देशों में बच्चे इसे बड़े चाव से खेलते हैं। इस गेम को विशेष रूप से बर्थ-डे पार्टी में खेला जाता है। इसमें किसी खिलौने या गिफ्ट को कागज की कई परतों में लपेटा जाता है। ये परतें काफी ज्यादा होती हैं। सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बैठाया जाता है फिर म्यूजिक शुरू होता है। बच्चे एक-एक कर गिफ्ट को अगले बच्चे को पास करते हैं। अचानक म्यूजिक बंद होता है, उस वक्त जिस बच्चे के हाथ में गिफ्ट-पैक होता है, वह उसकी पहली परत उतारता है। इसके बाद म्यूजिक फिर शुरू होता है, आगे के बच्चों में म्यूजिक बजने तक गिफ्ट-पैक ट्रांसफर होता रहता है। फिर म्यूजिक बंद होने के बाद जिस बच्चे के हाथ में गिफ्ट होता है, वह इसकी दूसरी परत खोलता है। यह सिलसिला जारी रहता है। अंत में जो बच्चा अंतिम परत खोलकर गिफ्ट को एक्सपोज करता है, उसे वह गिफ्ट मिल जाता है। *

## पिलोलो, घाना



**घाना देश** पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है। पिलोलो इसी देश का खेल है। इस खेल में छह या इससे ज्यादा बच्चे भाग ले सकते हैं। इसमें एक बच्चा लीडर बनता है, बाकी बच्चे लीडर द्वारा छिपाई गई चीज को खोजते हैं। इस गेम की थीम होती है- 'खजाने की खोज' और 'भागम-भाग'। लीडर खेल के मैदान में पत्थर, सिक्के, छड़ियों जैसी चीजें छिपाता है। फिर वह आवाज लगाता है-पिलोलो। सारे खिलाड़ी एकसाथ भागते हैं, जो खिलाड़ी छिपाई हुई एक भी वस्तु को खोजकर फिनिश लाइन तक सबसे पहले पहुंचता है, वह विनर बनता है। टाइम कीपर इस बात का ध्यान रखता है कि कौन-सा खिलाड़ी सबसे पहले फिनिश लाइन पर पहुंचा। इस गेम का विनर, लीडर बनकर गेम को कंटिन्यू करता है। *

## फायर-वॉटर-स्टॉर्म, जर्मनी



**इस जर्मन** खेल को बहुत सारे बच्चे एक साथ खेल सकते हैं। मुख्य खिलाड़ी इनमें से कोई एक शब्द जोर से पुकारता है- फायर, वॉटर, स्टॉर्म, लाइटनिंग (जर्मन भाषा में इन्हें फ्यूर, वॉसर, स्टर्म, ब्लिट्ज बोलते हैं।) साथी खिलाड़ियों को तुरंत शब्द के मुताबिक एक्शन लेना होता है। जैसे अगर फायर कहा तो सीधे लेटना है। स्टॉर्म कहा गया तो तुरंत किसी खंभे, पेड़ के तने या ठोस वस्तु को पकड़ना है ताकि तूफान में उड़ ना जाएं। वॉटर कहा गया है तो ऊंचे स्थान पर चढ़कर खुद को डूबने से बचाना है। लाइटनिंग बोला गया है तो बिल्कुल सिकुड़ कर बैठना है। अगर कोई खिलाड़ी बोले गए शब्द के अनुसार एक्शन करने में देरी करता है या फिर गलत एक्टिविटी कर देता है, तो उसे आउट माना जाता है। बच्चों, तुम इस गेम में अपनी इमेजिनेशन से कुछ और शब्द और एक्शन जोड़ सकते हो। *

## ऊंच-नीच, भारत



**ऊंच-नीच** भारत और उसके पड़ोसी देशों के बच्चों का पसंदीदा खेल है। यह खेल हमारे देश के कई राज्यों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे 'कुमिर डांगा', महाराष्ट्र में 'दगड़ का माटी' और आंध्र प्रदेश में 'नेला बांदा' कहते हैं। यह खेल असमतल यानी ऊंची-नीची भूमि पर खेला जाता है। ऊंची सतह जैसे कोई चट्टान, टीला या चबूतरा को 'ऊंच' और नीची जगह को 'नीच' कहते हैं। मुख्य खिलाड़ी अपने मन से डिसाइड करता है कि वह ऊंच लेगा या नीच। अगर वह ऊंच मांगता है तो बाकी खिलाड़ियों को तुरंत नीची सतह पर जाकर खड़े होना होता है। ऐसे में जो खिलाड़ी ऊंच पर ही रह जाता है और मुख्य खिलाड़ी उसे पकड़ लेता है तो वह आउट हो जाता है। *

## स्टेच्यू, ग्रीस



**अगलमाता या** स्टेच्यू, ग्रीस के बच्चों में बहुत लोकप्रिय खेल है। इसमें एक खिलाड़ी मैदान के बीचों-बीच खड़ा होकर अपनी आंखें बंद कर लेता है और गिनती गिनता है। अचानक वह गिनना बंद करके जोर से चिल्लाता है- स्टेच्यू (मूर्ति)। उस वक्त मैदान में इधर-उधर घूम रहे बच्चे एकदम स्टेच्यू की तरह स्थिर होकर खड़े हो जाते हैं। बच्चे चाहें तो लिटिल मरमेड, स्टेचू ऑफ लिबर्टी या कोई और मुद्रा बनाकर खड़े हो सकते हैं। फिर अगलमाता चिल्लाने वाला मुख्य खिलाड़ी सभी खिलाड़ियों के पास जाता है, उन्हें बिना छुए, कुछ कह कर हंसाने या हिलाने की कोशिश करता है। जो खिलाड़ी हंस देता है या स्टेच्यू की मुद्रा में हिल जाता है, वह आउट हो जाता है। लास्ट तक स्टेच्यू बना रहने वाला विजेता होता है। *

जंतु-जगत / अनुराग मनींद्र



# अजब-अनोखी डॉल्फिन

**ब**च्चों, तुमने डॉल्फिन के वीडियोज और फोटोज जरूर देखे होंगे। इसकी प्यारी, रोमांचित करने वाली हरकतें हर किसी को खूब लुभाती हैं। शायद तुममें से कुछ बच्चों ने कभी किसी ट्रिप के दौरान रियल डॉल्फिन भी देखी हो, इसकी एक्टिविटीज को खूब एंज्वॉय किया हो। आज हम तुम्हें डॉल्फिन के बारे में कुछ रोचक बातें बता रहे हैं-



**नींद में भी रहती है अलर्ट :** डॉल्फिन सोते वक्त भी अपने ब्रेन का आधा हिस्सा एक्टिव और अलर्ट रखती है। इससे उसे खतरों का पता चलता रहता है। इस तरह वह अपने शत्रु और शिकारी जंतुओं से खुद को सुरक्षित रखती है।

**सांस लेने के लिए आती है पानी से बाहर :** डॉल्फिन वैसे तो पानी में रहती है, लेकिन यह मछलियों की तरह पानी में सांस नहीं ले सकती। सांस लेने के लिए इसे बीच-बीच में पानी से बाहर आना पड़ता है।

**भोजन चबाती नहीं निगलती है :** डॉल्फिन मुख्य रूप से क्रस्टेशियंस और स्क्विड जैसे जलीय जंतुओं को खाती है। ये अपने भोजन को चबाती नहीं है बल्कि सीधे निगल लेती है। किसी बड़े शिकार को निगलने से पहले यह उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लेती है फिर इसे निगलती है।

**दांत होते हैं कोन शेप्ड :** डॉल्फिन के दांत कोन शेप्ड या कोनिकल (शंकु आकार के) होते हैं। अलग-अलग प्रजाति की डॉल्फिन में दांतों की संख्या अलग-अलग होती है, जैसे- रिसो डॉल्फिन के 14 जबकि स्पिनर डॉल्फिन के 240 दांत हो सकते हैं।

**सबसे बड़ी और सबसे छोटी डॉल्फिन :** ओर्का डॉल्फिन, जिसे किलर व्हेल भी कहा जाता है, दुनिया की सबसे बड़ी समुद्री डॉल्फिन की प्रजाति है। वहीं हेक्टर और फ्रांसिसाना की गिनती दुनिया के सबसे छोटे डॉल्फिन में होती है।

**ग्रुप में रहना है पसंद :** डॉल्फिन अकेले रहने के बजाय ग्रुप में रहना पसंद करती है। इसके ग्रुप को 'पॉड' कहा जाता है। ये एक-साथ तैरती हैं और भोजन की तलाश करती हैं।

**सिग्नल्स के लिए निकालती हैं कई तरह की आवाजें:** डॉल्फिन अलग-अलग संकेतों (सिग्नल्स) के माध्यम से एक-दूसरे तक अपने संदेश पहुंचाती हैं। ये क्लिक, सीटी सहित और भी कई तरह की आवाजें निकाल सकती हैं। इन आवाजों का प्रयोग, ये सिग्नल के तौर पर संभावित खतरों से अपने साथियों को अलर्ट करने के लिए करती हैं।

**डॉल्फिन का जीवन काल:** सामान्यतया डॉल्फिन का जीवन काल बीस साल के आस-पास होता है। लेकिन ओर्कास जैसी कुछ प्रजातियों में इसकी आयु अस्सी साल तक होती है। *

## डॉल्फिन और मछली में अंतर

**बच्चों, बहुत**-से लोग डॉल्फिन को भी एक प्रकार की मछली मानते हैं। लेकिन वास्तव में डॉल्फिन, मछली से अलग होती है। इनमें कुछ प्रमुख अंतर हैं-

- डॉल्फिन के शरीर में गलफड़े (गिल्स) नहीं होते हैं, इसलिए इसे सांस लेने के लिए थोड़े-थोड़े गैप के बाद पानी से बाहर आना पड़ता है। जबकि मछलियां पानी में घुले हुए ऑक्सीजन से ही अपने गलफड़े (गिल्स) के द्वारा सांस ले सकती हैं।
- तैरते समय डॉल्फिन की पूंछ ऊपर-नीचे लहराती है, जबकि मछली की पूंछ अगल-बगल, दाएं-बाएं घूमती है।
- ज्यादातर मछलियां अंडे देती हैं, ये एक साल में सैकड़ों अंडे दे सकती हैं, जबकि डॉल्फिन बच्चे को जन्म देती है, वो भी एक से लेकर छह साल में एक बार।

## जीके क्विज-105

1. हाल ही में किस प्रसिद्ध भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ने संन्यास लेने की घोषणा की?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग-2024 का आयोजन किस राज्य में किया गया?
3. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण बल की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
8. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?
9. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
10. 'मैकबेथ' किस प्रसिद्ध लेखक की रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-105 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-104 का उत्तर :** 1.मणिपुर, 2.विश्वभूषण हरिचंदन, 3.स्वामी दयानंद सरस्वती, 4.प्रकाश वर्ष, 5.राजस्थान, 6.ठोस कार्बनडाईऑक्साइड, 7.विटामिन-के, 8.अकबर और हेमू, 9.दूध उत्पादन, 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-104 का सही उत्तर देने वाले :** शुभम-बिलासपुर, रानी-पंडरिया, कबीर-हिसार, मानवी मधुकर-बिलासपुर, यामिनी-बलौदाबाजार, सरबजीत-करनाल, महेश-ईमेल से, क्षमानिधि-ईमेल से, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, हिमांशु-कबीरधाम

## हंसगुल्ले

**नव्या :** क्या तुम पानी में रहने वाले तीन जंतुओं के नाम बता सकती हो?
**नैंसी :** हां, बिल्कुल! मछली, मछली की मम्मी और मछली के पापा।
-खुशबू, रायपुर



**टीचर :** रोहन बताओ, जिसे कुछ सुनाई न दे, उसे इंग्लिश में क्या कहेंगे?
**रोहन :** सर, कुछ नहीं कहेंगे, क्योंकि उसे कुछ भी सुनाई नहीं देगा।
-दिशा, हिसार

**टीचर :** आने वाले कल को इंग्लिश में क्या कहते हैं?
**भोलू :** सर, टुमारो।
**टीचर :** वेरी गुड, अब बताओ आने वाले कल से अगले दिन को क्या कहते हैं?
**भोलू :** (जवाब न आने पर घबराकर) सर, टुमारो पर एक और मारो।
-सचिन, भिलाई

कहानी
पूजा भारद्वाज

# गर्मी की छुट्टियां

गर्मी की छुट्टियां शुरू हुईं तो पीयूष सारा दिन मोबाइल देखने में बिताता। दादा जी को यह आदत अच्छी नहीं लगी। उन्होंने पीयूष की दिनचर्या को कुछ इस तरह तय किया कि उसने मोबाइल देखना बंद कर दिया। आखिर दादा जी ने ऐसा क्या किया, जिससे पीयूष की मोबाइल देखने की आदत छूट गई?



**दा**दा जी कई दिनों से देख रहे थे, जब से गर्मियों की छुट्टियां शुरू हुई हैं, पीयूष जब देखो, तब मोबाइल देखने में लगा रहता है। उन्होंने उसे टोका, 'इस तरह तुम दिनभर मोबाइल देखते रहोगे तो आंखें खराब हो जाएंगी।'

इस पर पीयूष जवाब में बोला, 'तो क्या करूं पूरे दिन दादा जी?'

दादा जी को पीयूष की बात सही लगी। पूरा दिन वह करे भी तो क्या करे? वह कुछ देर सोचते रहे, फिर बोले, 'ठीक है, मैं तुम्हें बताऊंगा इन छुट्टियों में तुम क्या करो? बस कल सुबह पांच बजे उठकर मेरे पास आ जाना।' अगले दिन पीयूष सुबह पांच बजे उठकर फ्रेश होने के बाद दादा जी के पास आया। वह उसे लेकर पार्क में गए। साथ में एक थैली में रात की बची हुई चार-पांच रोटियां भी ले गए। पार्क में दोनों कुछ देर टहले। जब सूर्य पूरी तरह निकल आया तो दादा जी ने पीयूष को प्राणायाम सिखाया। योगाभ्यास के बाद दोनों पार्क के उस स्थान पर गए, जहां ढेर सारे पक्षी थे। वहां एक जगह बैठकर साथ लाई रोटियां छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर एक पेड़ के नीचे बिखेर कर थोड़ा दूर जाकर दोनों खड़े हो गए। कुछ देर में नन्ही-नन्ही चिड़ियां और गिलहरियां वहां आकर उन रोटियों के टुकड़ों को मजे से खाने लगीं। पीयूष के लिए यह एक अनोखा अनुभव था।

जब धूप हल्की तेज होने लगी तो दादा जी उसे एक गमले की दुकान पर ले गए। जहां उन्होंने कई छोटे-बड़े गमले खरीदे। इन गमलों को ऑटो में रखकर घर ले आए। फिर उन्हें आंगन और बालकनी में करीने से रख दिया। इस काम के बाद दोनों ने स्नान किया। सुबह-सुबह इतना घूम लेने के कारण पीयूष को बहुत जोरों की भूख लग आई थी। खाना खाकर पीयूष ने दो घंटे छुट्टियों का होमवर्क किया। थोड़ी देर टीवी देखा, फिर वह सो गया। तीन बजे उठा तो दादा जी कैरम, लूडो लेकर बैठे थे। दोनों ने जी भर कर कैरम-लूडो खेला। शाम होते ही दादा जी पीयूष को साथ लेकर सब्जी लेने चले गए। जब घर लौटे तो उनके हाथों में सब्जी के साथ कई सारी बाल पत्रिकाएं भी थीं, जिनमें से एक तो पीयूष ने घर आते ही पढ़नी शुरू कर दी। डिनर करके वह सोने के लिए बेड पर आया तो दादा जी ने उसे कई मजेदार कहानियां सुनाईं। कहानी सुनते-सुनते उसकी आंख कब लग गई, उसे पता ही नहीं चला।

अगले दिन सुबह पांच बजे दादा जी और पीयूष फिर पार्क में गए। वहां से वापस आते समय उन्होंने एक जगह से गमलों के लिए दो प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरी, जिसे ऑटो में रखकर घर लेकर आए। नहा-धो फिर वही कल जैसी दिनचर्या चली। शाम हुई तो पीयूष और दादा जी ने मिट्टी गमलों में डाली। इस काम को करते हुए अंधेरा हो गया। दोनों इतना थक गए थे कि खाना खाते ही बिस्तर पर आकर सो गए।

अगले दिन सुबह फिर वही रुटीन। पार्क से लौटते समय दोनों नर्सरी चले गए, जहां से गमलों के लिए फूल वाले कुछ पौधे ले आए, जिन्हें उन्होंने गमलों में रोपा।

अगले दस दिनों तक दादा जी और पीयूष का यही सिलसिला चलता रहा। सुबह पार्क, दोपहर में होमवर्क, कैरम, लूडो, सोना, शाम को गमले के पौधों की देखभाल करना और बाल पत्रिकाएं पढ़ना। इन सब में पीयूष इतना व्यस्त रहता कि मोबाइल देखना तो दूर, उसके बारे में उसे सोचने तक का वक्त नहीं मिलता। ग्यारहवें दिन सुबह खाना खाते हुए दादा जी ने पीयूष से पूछा, 'बेटा, अब मोबाइल देखने का मन करता है?' 'नहीं दादा जी।'

पीयूष मुस्कुराते हुए बोला। दादा जी ने पूछा, 'क्यों भई?'

'आपके साथ घूमने और पौधों की देखभाल करने के बाद समय ही नहीं बचता कि मोबाइल देखूं।' पीयूष ने बताया।

'अच्छा, तुम्हारी अभी की और पहले की दिनचर्या में से तुम्हें एक का चुनाव करना हो तो तुम किसका चुनाव करोगे?' दादा जी ने सवाल किया। 'अभी वाली का।' पीयूष तुरंत बोला। 'क्यों?' दादा जी ने जानना चाहा।

'क्योंकि पार्क में जाकर मैं बहुत से पेड़-पौधों, फूलों के बारे में जान पाया हूं। मैं यह भी जान गया हूं कि कितनी तरह के पक्षी होते हैं। पक्षियों के साथ गमले में खुद के लगाए पौधे बड़े होते देखने में जो मजा है, वह मोबाइल देखने में नहीं, दादाजी।' पीयूष ने बताया।

'मतलब तुम अब मोबाइल नहीं देखना चाहते?' दादा जी ने पूछा। 'बिल्कुल नहीं...!' पीयूष हंसते हुए बोला।

'शाबाश! एक बात हमेशा याद रखना बेटा, जब भी कोई बुरी आदत छोड़ना हो तो एक अच्छी आदत जरूर अपना लेना। अच्छी आदतें तुम्हें एक अच्छा इंसान बनाएंगी।' दादा जी ने कहा। 'जी, अच्छी तरह याद रखूंगा' पीयूष ने हां में सिर हिलाया। 'तो फिर इस बात के लिए आज तुम्हारे लिए आइसक्रीम मंगाई जाएगी।'

दादा जी यह कहकर जोरों से हंसे। 'थैंक यू, मेरे प्यारे दादा जी!' यह कहते हुए पीयूष अपने दादा जी के गले में झूल गया। दादा जी भी जोरों से हंस दिए। *

कविता
सरस्वती रमेश



## छुट्टियां

गर्मी की छुट्टियां आ गईं भाई
खेलो जीभर पकड़म-पकड़ाई।
खूब मचाओ हल्ला-गुल्ला
घूमो रोज गली-मौहल्ला।
पर मस्ती में भी रखना याद
समय न हो यूं ही बर्बाद।
खेल-खेल में सीखो कुछ नया
पेंटिंग, संगीत या पाक कला।
रोज पढ़ोगे अगर अखबार
तुम्हारी जीके में होगा सुधार।
दादा-दादी से सुनो कहानी
चांद पे बैठी बुढ़िया नानी।
मम्मी का तुम हाथ बंटाओ
प्यारे-प्यारे बच्चे कहलाओ।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1.बाईं तरफ वाले पेड़ का तना गायब है। 2.बाईं तरफ बादल का टुकड़ा छोटा है। 3.लड़के के बाएं पैर के जूते का फीता नहीं दिख रहा है। 4.लड़के के दांत नहीं दिख रहे हैं। 5.लड़के के टी शर्ट की बाईं स्लीव पर काली पट्टी का रंग अलग है।

## गिनकर बताओ


बच्चों, यहां दिए गए चित्र में कई सारे पक्षी दिख रहे हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने पक्षी हैं?



उत्तर-17

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां एक बिल्ली का चित्र और उसके बगल में कुछ परछाइयां दी गई हैं। चित्र को ध्यान से देखो और बिल्ली की सही परछाई पहचानो।




उत्तर: 3

## जैकेट के शेष

### शेषनाग के बाद ....

की रफ्तार भी धीमी होने लगी है, क्योंकि इस मालगाड़ी में 130 डिब्बे होते हैं और इसकी लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर होती है, जिसे एक स्टेशन से गुजरने में 10 मिनट का समय लग जाता है। यह ट्रेन जहां से गुजरती है, पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया जाता है। शेषनाग के बाद लॉग हॉल को सबसे लंबी मालगाड़ी बताया जा रहा है। रेलवे ने 2020 में शेषनाग की शुरुआत की थी। अब यहां से लॉग हाल मालगाड़ी हफ्ते में तीन दिन चलने लगी है।

**ट्रेनों को जोड़कर बनाई जा रही** : कम समय में अधिक माल ढुलाई के लिए दो व तीन ट्रेनों को जोड़कर एक मालगाड़ी बनाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक जोन में लगभग ऐसी तीन लॉग हॉल मालगाड़ी का परिचालन रायपुर, नागपुर, कटनी, झारसुगुड़ा रूट पर किया जा रहा है।

### माड़ को 800 जवानों ......

नक्सल आपरेशन में रवाना हुई थी। वहीं नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय व बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा लगातार जवानों से सम्पर्क बनाए हुए है और मारे गए नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

**नए कैंप से बौखलाए नक्सली** : नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने कई नए कैंप खोला है। सुरक्षाबलों के नक्सल विरोधी अभियान के चलते इस क्षेत्र में नक्सली बैकफुट पर हैं। यह कैंप मोहंदी गांव ओरछा ब्लॉक, कोहकामेटा तहसील व थाना कोहकामेटा क्षेत्र अंतर्गत खोले गए है, जिससे नक्सलियों का मूवमेंट रुक गया है। इसी वजह से नक्सली बैखलाए हुए हैं और लगातार सुरक्षाबलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने की फिराक में है, लेकिन सुरक्षाबलों द्वारा उनके आधार इलाके में घुसकर ढेर किया जा रहा है। पिछले चार माह की बात करें तो फोर्स ने अलग-अलग मुठभेड़ में सौ से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया है। वहीं अप्रैल माह में ही 50 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर किया है।

### सीएम बोले-नक्सलवाद .....

सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बीच हुई मुठभेड़ में 7 नक्सलियों के मारे जाने की खबर आ रही है। निश्चित ही सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। उनके साहस को सलाम करता हूं।

### फोर्स ने दिया जवाब....

दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें संयुक्त नक्सल गश्त सर्च अभियान पर निकली थी। दो दिन बाद 23 मई की सुबह 11 बजे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू की। जवानों ने भी मुस्तैदी से मोर्चा सम्भाला और दिन भर रुक रुककर मुठभेड़ चलता रहा, जो देर शाम तक जारी रहा।

### आज से शुरू होगी ....

उत्तरपुस्तिकाएं जब्त करने की तैयारी है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उत्तरपुस्तिकाएं केवल मोहनमती के नाम के समक्ष दर्ज अनुक्रमांक की ही जब्त की जाएंगी अथवा सभी छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच होगी। गौरतलब है कि जांच के आदेश केवल मेरिट लिस्ट में बगैर परीक्षा दिलाए मोहनमती के नाम के शामिल होने के संदर्भ में दिए गए हैं। जबकि अन्य टॉपर्स की भी उत्तरपुस्तिकाओं में अलग-अलग हस्ताक्षर मिले हैं। इस पर अभी जांच संबंधित आदेश नहीं हुए हैं। इसके अलावा मोहनमती के नाम के समक्ष उल्लेखित रोल नंबर जिस मनीषा गर्ग का बताया जा रहा है, उसने भी फर्जी पता अपने फॉर्म में दर्ज किया गया है। लगातार मामले में नए खुलासे हो रहे हैं।

**इस वर्ष बदला गया मूल्यांकन केंद्र** : गौरतलब है कि संस्कृत विद्यामंडल द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन किया जाता है। छात्र संख्या कम होने के कारण पृथक-पृथक जिलों में मूल्यांकन केंद्र नहीं बनाए जाते हैं। सभी छात्रों की कॉपियां रायपुर में ही जांची जाती हैं। मूल्यांकन पश्चात कॉपियों को संस्कृत विद्यामंडलम के रायपुर स्थित कार्यालय में रखा गया है। बीते वर्ष उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन दूधाधारी मठ में हुआ था, जबकि इस बार छात्रों की कॉपियां खम्हारडीह स्थित विद्यालय में जांची गई हैं। जांच बिंदु सहित अन्य सवालों पर कमेटी सदस्य और माशिम सचिव ने कहा कि गुरुवार को शासकीय अवकाश होने के कारण इस दिशा में कार्य नहीं हो सका है। शुक्रवार से मामले की तफ्तीश की जाएगी।

### जेल में बंद पूर्व ....

पूछताछ करने 15 दिनों की रिमांड की मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने चार दिनों की रिमांड स्वीकृत की है। दोनों पूर्व अफसरों को जांच एजेंसी 27 मई को कोर्ट में पेश करेगी। गौरतलब है कि माइनिंग ट्रांसपोर्टिंग तथा उत्खनन का ठेका देने दोनों अफसरों सहित 11 लोगों के खिलाफ ईडी ईसीआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घोटाले के आरोप में पूर्व आईएएस समीर विश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, माइनिंग विभाग के अफसर सहित कई कारोबारी तथा ट्रांसपोर्टर जेल में बंद हैं। ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू ने तीन दर्जन लोगों के खिलाफ माइनिंग घोटाला मामले में अपराध दर्ज किया है। उसी दर्ज अपराध के संबंध में ईओडब्लू ने दोनों पूर्व अफसरों से पूछताछ करने रिमांड लिया है।

### बचाव पक्ष के ....

मिल गई है। रानू साहू का जमानत आवेदन सुप्रीम कोर्ट में लगा हुआ है। सौम्या चौरसिया का जमानत आवेदन पर हाईकोर्ट में सुनवाई होना बाकी है, इस वजह से दोनों की फिर से गिरफ्तारी की जा रही है। रिमांड पर लेने के लिए ईओडब्लू कोई पुख्ता साक्ष्य कोर्ट में पेश नहीं कर पाया है। इसके पूर्व दोनों पूर्व अफसरों से राज्य की जांच एजेंसी पूर्व में ही जेल में पांच तथा तीन दिन पूछताछ कर चुकी है।

### ईडी कर चुकी है ....

द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर घोटाला करने की बात सामने आने पर ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू माइनिंग घोटाले की जांच कर रहा है।

### अफ्रीका से छत्तीसगढ़ ....

मोहभट्टा जलाशय में तीन दिन रूकने के बाद इस प्रवासी पक्षी ने 487 किलोमीटर की उड़ान भर अब उड़ीसा लैड की है। इस पक्षी को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के सीमावर्ती क्षेत्र, जिला बेमेतरा के बेरला ब्लाक अंतर्गत, गिधवा परसदा वेटलैंड समीप, मोहभट्टा ग्राम की जलाशय में प्रकृति पर्यावरण प्रेमी, बर्ड वाचर बीएफओ योगेश कोर्राम जो वर्तमान में बीट गार्ड के पद पर पैलीमेटा क्षेत्र में पदस्थ है एवं बीएफओ उर्वशी कोर्राम ने इस पक्षी को रिकॉर्ड किया और उसकी तस्वीरें लीं।

### छह हजार किमी .....

का यह व्हिंब्रेल पक्षी घुमावदार चोंच और धारीदार सिर के साथ आसानी से शिकार कर लेता है। पानी के आसपास पाए जाने वाले सभी कीड़े मकोड़े इसका आहार होते हैं।

### सुरक्षित प्रजनन के ....

हैं। यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि यह पक्षी प्रजनन के लिए कहां जाता है। उम्मीद कि यह फिर से छत्तीसगढ़ वापस आएगा। छत्तीसगढ़ को प्रवासी पक्षियों के लिए एक सुरक्षित स्थल बनाया जा सकता है। इसके लिए जल निकायों को संरक्षित रखने की आवश्यकता है।

## पेज एक के शेष

### दो दिन बादल फिर...

की स्थिति निर्मित हो सकती है। 27 और 28 जून को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज हो सकता है। इस वर्ष गर्मी में अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया है। इन दो दिनों में तापमान 44 डिग्री को भी पार कर सकता है। लू का सामना करने के बाद मई अंत में राहत की बौछारें पड़ सकती हैं। माह के अंत में हल्की बदली-बारिश और बौछारों की संभावना है। अंधड़ भी चल सकता है। हालांकि ये प्री मानसूनी गतिविधियां नहीं होंगी। प्री मानसूनी गतिविधियों की शुरुआत प्रदेश में जून के प्रथम सप्ताह से होगी। 5 जून के बाद प्रदेश में बदली-बारिश का क्रम बढ़ जाएगा। गौरतलब है कि नौतपा 25 मई से प्रारंभ हो रहा है, जो 2 जून तक रहेगा। इस बार पूरे नौ दिन नौतपा नहीं तपेगा, लेकिन इनमें से कुछ दिन तापमान अपने चरम पर रहेगा।

### बंगाल में बवाल, भाजपा...

कार्यकर्ता जमकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने सड़कों पर जाम लगा दिया और तृणमूल के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाहनों के टायर जला दिए, सड़कें जाम कर दी और दुकानों के शटर गिरा दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनाचूरा गांव में भाजपा की 38 वर्षीय कार्यकर्ता रथीबाला आड़ी की तृणमूल कांग्रेस समर्थित अपराधियों ने हत्या की है। भाजपा के एक स्थानीय नेता ने बताया कि पार्टी ने पहले नंदीग्राम में बंद का आह्वान किया था, लेकिन बाद में इस फैसले को वापस ले लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार देर रात मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने अड़ी की हत्या कर दी थी और कुछ लोगों को घायल कर दिया था। बता दें कि 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग के दौरान भी पश्चिम बंगाल में कई जगह झड़प और हिंसा के मामले सामने आए थे।

### साय का जमशेदपुर में...

सब राज्य के लिए चिंतनीय विषय है। श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, यहां सांसद व भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में रोड शो में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा, राज्य में जब डबल इंजन की सरकार नहीं होने के कारण यहां के लोगों को केंद्र की सभी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इंडी गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसके अलावा राजनैतिक अस्थिरता की वजह से राज्य का विकास अवरुद्ध है और राज्य सरकार की नीतियों के कारण नक्सलवाद यहां फिर से पनप रहा है।

**जमशेदपुर में किया रोड शो** : मुख्यमंत्री साय ने गुरुवार को जमशेदपुर में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में समर्थन के लिए भव्य रोड शो किया। रोड शो साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान प्रारंभ हुआ जो स्ट्रेट माइल रोड होते हुए एग्रिको मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं का जोश भूतपूर्व था। सड़क के दोनों तरफ भारी भीड़ जमा थी। श्री साय ने यहां आम जनता और जमशेदपुर भाजपा का आभार व्यक्त किया है।

### छत्तीसगढ़ और झारखंड...

उसे सत्ता में लाया, लेकिन वह जनता की उम्मीदों व विश्वास पर खरा नहीं उतरी। परिणाम यह हुए कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023 में संपन्न विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा के पक्ष में जनादेश आया और पार्टी की सरकार बनी।

### किसानों की भी नहीं...

अधिक देने होंगे। अरहर बीज का यह रेट 10 साल के अंदर की किस्म का है। इसी तरह दस साल से अधिक वाली किस्म का बीज अब 13 हजार 596 रुपए में मिलेगा। यानी इस साल अरहर की दाल उगाने वाले किसानों की दाल भी इस साल नहीं गल रही है। उन्हें अधिक कीमत पर बीज खरीदना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड यानी बीज निगम ने खरीफ वर्ष 2024 के लिए अरहर आधार-प्रमाणिक बीज के विक्रय मूल्य का निर्धारण किया है। राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति ने अरहर के प्रमाणिक बीज के लिए दरें जारी कर दी हैं। प्रमाणिक बीजों की जो दरें घोषित की गई हैं, उसमें चार प्रतिशत की कमी करके सहकारी समितियों को दिया जाएगा। बीज निगम के मुताबक आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणिक बीजों की विक्रय दरों से सौ रुपए प्रति क्विंटल अधिर होगी।

### इस तरह हुआ...

सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर विक्रय दर निर्धारित की गई है। कृषि विभाग द्वारा मिनीकिट, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले बीजों की विक्रय दरें योजनाओं में प्रावधान अनुसार देय वितरण अनुदान जोड़कर देयक जारी किए जाएंगे।

### महंगी होगी...

सरकार की नीति की विसंगति है। अगर कोई भी बीज महंगा होगा तो उसका बाय प्रोडक्ट भी महंगा होगा, ये तय है।

---

**हरियाणा में पीएम मोदी ने मिलिट्री का जिक्र कर कांग्रेस पर साधा निशाना**

# ‘चीन से पिटाई का गुनहगार सेना को मानता है एक परिवार’



एजेंसी ▸▸| भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की भिवानी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वन रैंक वन पेंशन का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 1962 में पंडित नेहरू के औरा का गुब्बारा फूट गया और चीन के हाथ जो हमारी पिटाई हुई, उसके बाद कांग्रेस ने उस हार के लिए हमारी सेना को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भी वह परिवार (गांधी परिवार) हमारी सेना को नीचा दिखाने के मौके तलाशता रहता है। पीएम मोदी ने कहा कि उसके बाद बदले की भावना से कांग्रेस ने 500 रुपये फेंके और कहा कि वन रैंक वन पेंशन करके रहेंगे। वह नहीं कर पाए लेकिन उसके बाद मोदी ने बता दिया कि ओआरओपी लागू करने का क्या मतलब होता। पीएम मोदी ने आगे कहा, “उन्होंने (कांग्रेस) तो आपकी आंखों में धूल झोंका था और 500 रुपये फेंके थे लेकिन जब मोदी ने वन रैंक वन पेंशन लागू किया तो सवा लाख करोड़ रुपये लगा। अब आप बताइए, कहां सवा लाख करोड़ और कहां 500 रुपया। यह सवा लाख करोड़ रुपया पूर्व सैनिकों के खाते में जमा हो चुका है।

### इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा, “इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम। आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं। ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है। लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है। वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है।

---

**राहुल ने कहा- परमात्मा ने ये कैसा आदमी भेज दिया?**

# पीएम मोदी के ‘बायोलॉजिकल’ वाले बयान का उड़ाया मजाक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नार्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक इंटरव्यू को लेकर उनका मजाक उड़ाया। राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, “नरेंद्र मोदी एक इंटरव्यू में कहते हैं कि मैं बायोलॉजिकल नहीं हूं। मतलब हिंदुस्तान की सारी जनता, जीव सब बायोलॉजिकल हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी बायोलॉजिकल नहीं हैं। मोदी जी कहते हैं कि मुझे परमात्मा ने भेजा है और उनके चमचे कहते हैं- वाह, वाह, वाह, क्या बात बोली है।” राहुल गांधी ने आगे पीएम मोदी के बयान का मजाक उड़ाते हुए कहा, मतलब लोग कोविड में दम तोड़ते रहे, वो जिन्हें परमात्मा ने भेजा है, कह रहे थाली बजाओ, मोबाइल की लाइट जलाओ। बताओ परमात्मा ने ये कैसा आदमी भेज दिया?” कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी के एक और इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा, ”एक इंटरव्यू में पीएम मोदी से पूछा गया कि भारत में अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, गरीब और गरीब होते जा रहे हैं, इस पर आपकी क्या राय है? पीएम मोदी ने 30 सेकेंड तक सोचा और कहा, क्या मैं सब को गरीब बना दूं?”



### क्या कहा था पीएम मोदी ने?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वो थकते क्यों नहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पहले जब तक मां जिंदा थी मुझे लगता था की शायद जैविक रूप से मुझे जन्म दिया गया है। मां के जाने के बाद सारे अनुभव को मैं जोड़ कर देखता हूँ तो मैं कन्विंस हो चूका हूं। शायद मैं गलत हो सकता हूं, आलोचक, लेफ्ट लोग तो मेरी धज्जिया उड़ा देंगे, मेरे बाल नोच लेंगे। मैं कन्विंस हो चुका हूं की परमात्मा ने मुझे भेजा है।

---

# हमास की कैद में 5 इजराइली महिला सैनिक, चेहरे-पैर पर जख्म के निशान

एजेंसी ▸▸| तेल अवीव



इजरायल की 5 महिला सैनिकों के परिवार ने बीते साल हमास के आतंकियों द्वारा उनका अपहरण किए जाने का वीडियो जारी किया है। ये वीडियो 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के दौरान इजरायल के नाहल बेस पर महिला सैनिकों को बंदी बनाए जाने और उन्हें अपहरण करके गाजा ले जाए जाने का है। वीडियो में इजरायल रक्षा बल (IDF) की ये सभी महिलाएं दीवार के सामने खड़ी दिखाई दे रही हैं। उनके हाथ बंधे हुए हैं। कुछ महिला सैनिकों चेहरे पर चोट लगी है और खून लगा हुआ है। 3 मिनट 10 सेकंड का ये वीडियो हमास आतंकवादियों के बॉडी कैमरे से शूट किया गया है। बंधक परिवारों के फोरम ने बताया कि वीडियो जारी करने का फैसला उन पांच महिला सैनिकों के परिवारों ने लिया है, जो अभी भी हमास के पास कब्जे में हैं।

■ अपहरण का नया वीडियो आया सामने

### महिलाओं को रेप की धमकी

*वीडियो की शुरुआत बेस पर एक शेल्टर के अंदर होती है, जहां हमास के आतंकवादी निगरानी सैनिकों के हाथ बांध रहे होते हैं। इस दौरान महिलाएं खून से लथपथ, हैरान और डरी नजर आती हैं। इस दौरान एक आतंकवादी उन पर चिल्लाता है, ‘तुम कुत्तों को हम कुचल देंगे।’ वीडियो में हमास के आतंकी महिलाओं को रेप की धमकी देते नजर आते हैं। जब महिलाएं हाथ बंधे हुए शेल्टर के अंदर जमीन पर बैठी होती हैं तो एक आतंकी बंधकों की तरफ इशारा करते हुए कहता है कि ‘ये वो महिलाएं हैं जो प्रेग्नेंट हो सकती हैं।’ एक महिला सैनिक की तरफ देखकर आतंकी कहता है कि ‘तुम बहुत खूबसूरत हो।’ जबकि दूसरा कहता है कि ‘ये यहूदी हैं।’ इस दौरान लिवी नामक सैनिक कहती है कि ‘उसके फिलिस्तीन में दोस्त हैं।’*

# चीन के युद्धपोतों ने ताईवान में घेरकर बरसाना शुरू किया बारूद

एजेंसी ▸▸| ताइपे



ताइवान ने चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अपनी सेना को जुटाना शुरू कर दिया है। चीनी सेना के गुरुवार को दो दिन का अभ्यास शुरू करने के बाद ताइवान ने भी अपनी सेना को अलर्ट किया है। सेना को अलर्ट करते हुए ताइवान ने कहा है कि उसकी सेना राष्ट्र की रक्षा कर सकती है। चीन के इस सैन्य अभ्यास को ताइवान की ओर से कथित अलगाववादी कृत्यों की प्रतिक्रिया के रूप में ‘सजा’ के तौर पर देखा जा रहा है। ताइवान-नियंत्रित द्वीपों के समूहों के पास यह अभ्यास लाई चिंगते के ताइवान के राष्ट्रपति के तौर पर पदभार संभालने के ठीक तीन दिन बाद हो रहा है। लाई को चीन एक अलगाववादी नेता के तौर पर देखता है और उनको नापसंद करता है। चीन की ओर से ताइवान को बार-बार अपना क्षेत्र कहा है। चीन ने राष्ट्रपति बनने के बाद दलाई के पहले भाषण की निंदा की है।

■ एक्शन में आई ताइवानी सेना

### ताइवान ने चीन के कदम की निंदा

*इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि उसने द्वीप के आसपास के क्षेत्रों में सेना भेज दी है और उसे विश्वास है कि वह अपने क्षेत्र की रक्षा कर सकता है। मंत्राय की ओर से कहा गया है कि इस मौके पर सैन्य अभ्यास की शुरूआत ताइवान जलडमरूमध्य की शांति और स्थिरता को खतरे में डालती है औरचीन की सैन्यवादी मानसिकता को भी उजागर करती है। ताइवान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारी सरकार को चीनी सैन्य गतिविधियों की व्यापक समझ है और वे चीनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।*

---

## राशिफल



**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।



**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।



**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।



**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।



**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।



**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।



**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।



**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।



**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

---

# जालसाजी मामले में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का भाई गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸| लखनऊ


‘गैंग्स ऑफ वासेपुर’ जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अपने दमदार काम के लिए मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक और मुश्किल में फंस गए हैं। उनके बड़े भाई अयाजुद्दीन सिद्दीकी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बुढ़ाना पुलिस ने जालसाजी के आरोप में अयाजुद्दीन को गिरफ्तार किया है। हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, अयाजुद्दीन ने कथित तौर पर जिला मजिस्ट्रेट अदालत की ओर से चकबंदी विभाग को एक फर्जी आदेश पत्र जारी किया था। यह जावेद इकबाल के साथ चल रहे जमीन के विवाद से जुड़ा हुआ था।



मार्च 2024 में अयाजुद्दीन और जावेद के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया। यह अयाजुद्दीन का कानून के साथ पहला टकराव नहीं है। 2018 में उन पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था।

---

## शब्द पहेली - 5520



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5519 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5531

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5530 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

24052024-Cit-10_Layout 1 5/24/2024 12:34 AM Page 1



# हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग हो सकती है ब्लैकलिस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ केंद्र की सभी योजनाओं से हो सकती है वंचित

इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली तीन कंपनियों हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग इंडिया को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लेकर काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डाला जा सकता है। ये कंपनियां सरकार की प्रमुख फेम-दो योजना के तहत गलत तरीके से दावे वाले लाभ को वापस करने में विफल रही हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। भारी उद्योग मंत्रालय को योजना के तहत पंजीकृत विभिन्न मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) से 2022 में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से विनिर्माण और अपनाने की योजना (फेम-दो) के दिशानिर्देशों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें मिली थीं।

## कंपनियां गलत तरीके से दावे वाले लाभ वापस करने में विफल रही

### तीनों कंपनियां फेम दो योजना से हटी

हालांकि, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया ने प्रोत्साहन वापस नहीं किया और परिणामस्वरूप उन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया को योजना से हटा दिया गया है। उसके बाद, अगला कदम मंत्रालय की सभी योजनाओं से उन्हें वंचित करना है।



*एएमओ, ग्रीव्स और रिवॉल्ट आरोपों से मुक्त : ये कंपनियां हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नोलॉजी, एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स हैं। इन कंपनियों में से एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स ने कुछ महीनों में ब्याज समेत सब्सिडी राशि लौटा दी। इन कंपनियों को सरकार ने आरोपों से मुक्त कर दिया।*

### छह कंपनियां मानदंड का उल्लंघन करते पाई गई

अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि कंपनियां स्थानीय स्तर पर सामान खरीदने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करके वाहनों के कलपुर्जे बड़े पैमाने पर आयात कर इलेक्ट्रिक वाहन बेचने में लगी हैं। मंत्रालय ने 13 कंपनियों की जांच की। इनमें से छह को फेम-दो मानदंडों का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

### ओकिनावा के खिलाफ अभी कार्रवाई नहीं

हीरो इलेक्ट्रिक और बेनलिंग इंडिया के लिए यह कदम उठाया गया है। ओकिनावा इस समय अदालत में है, अतः उनके खिलाफ कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा, अगला कदम भारत सरकार के तहत सभी योजनाओं को लेकर उन्हें काली सूची में डालना है। यह अबतक नहीं हुआ है क्योंकि यह एक विभिन्न चरणों वाली प्रक्रिया है।

### कंपनियों से मामले में टिप्पणी मांगी गई

वित्त मंत्रालय किसी कंपनी को सभी मंत्रालयों की योजनाओं/नीतियों से वंचित करने की मंजूरी देता है। इन तीनों कंपनियों से मामले में टिप्पणी मांगी गयी, लेकिन उनकी तरफ से फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स को फेम-दो में 'आरोपों से मुक्त कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### टेक महिंद्रा ने फ़ूजी टीवी के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा ने जापान के प्रसारक फ़ूजी टीवी के साथ साझेदारी की है। कंपनी बयान के अनुसार, साझेदारी के तहत फ़ूजी टीवी की मूल सामग्री को टेक महिंद्रा की स्थानीयकरण तथा एनीमेशन सेवाओं के साथ जोड़ा जाएगा।

### इंडिगो का मुनाफा दोगुना होकर 1,895 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का मार्च, 2024 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,894.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन को एक साल पहले की समान तिमाही में 919.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### आईटीसी का लाभ मामूली गिरकर 5,191 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** विविध कारोबार से जुड़ी आईटीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मामूली गिरावट के साथ 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5,242.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### गो डिजिट इंश्योरेंस पांच फीसदी ऊपर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के शेयर निर्गम मूल्य 272 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 3.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 281.10 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में यह 11.39 प्रतिशत चढ़कर 303 रुपये पर पहुंच गया।

### क्यूब हाइवेज ने दिया 3.94 रुपए प्रति यूनिट लाभांश

**नई दिल्ली।** क्यूब हाईवेज़ ट्रस्ट ने सामान्य यूनिटधारकों को 3.94 रुपये प्रति यूनिट वितरण की मंजूरी दी है। यह राशि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुल 508 करोड़ रुपये बैठती है। प्रति यूनिट वितरण में ब्याज के रूप में 1.79 रुपये, लाभांश के रूप में 20 पैसे, एसपीवी ऋण के पुनर्भुगतान के रूप में 1.94 रुपये और ट्रेजरी आय के रूप में एक पैसा शामिल है।

## एक दिन में निवेशकों ने कमाए 4.28 लाख करोड़ रुपए

# शेयर बाजार में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

■ आरबीआई के रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी से बाजार में रही तेजी
■ दोनों ही सूचकांक सेंसेक्स व निफ्टी ने 1.6 फीसदी की बढ़त दर्ज की
■ सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद सबसे ऊंची छलांग लगाई

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच बृहस्पतिवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की अपनी सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ।

### निफ्टी में रहा 370 अंक का उछाल

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.85 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 75,499.91 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी गया। निफ्टी ने भी इस जबर्दस्त तेजी का फायदा उठाते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।




*निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंचेगा : एक्सिस सिक्योरिटीज : एक्सिस सिक्योरिटीज के प्रमुख (बुनियादी एवं मात्रात्मक शोध) नीरज चदावर ने कहा, 'रिकॉर्ड लाभांश भुगतान को आरबीआई की मंजूरी के बाद शेयर बाजार में उत्साह था। यह बेहतर राजकोषीय स्थिति और नरम बॉन्ड प्रतिफल की ओर इशारा करता है। अगर चुनाव के नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहते हैं, तो हमें उम्मीद है कि जून के पहले सप्ताह में निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा।'*

### निवेशकों को 4.28 लाख करोड़ का लाभ

शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति बृहस्पतिवार को 4.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इस रिकॉर्ड तेजी ने बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,602.18 करोड़ रुपये बढ़ा दिया। इसके साथ ही इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सम्मिलित रूप से बढ़कर 4,20,22,635.90 करोड़ रुपये यानी 5.05 लाख करोड़ डॉलर हो गया जो इसका नया उच्चस्तर है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ सन फार्मा, पावरग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

### मिडकैप व स्मॉलकैप में तेजी

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.58 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप में 0.27 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि पूंजी उत्पाद खंड में 2.13 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.98 प्रतिशत की तेजी रही।

### बैंक व वाहन क्षेत्रों में रही जोरदार तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बैंक एवं वाहन क्षेत्रों के शानदार प्रदर्शन से मानक सूचकांक ने रिकॉर्ड बढ़त बनाई। आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश भुगतान एक अप्रत्यक्ष कर कटौती के समान है और बॉन्ड प्रतिफल घटने की उम्मीद है।'

# सोना में 1,050 रुपए की गिरावट, चांदी 2,500 रुपए लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





■ सोना घटकर 73,550 रुपए प्रति दस ग्राम
■ चांदी लुढ़कर 92,600 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई

सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।'

### सोना 2375 डॉलर पर कारोबार कर रहा था

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 42 डॉलर कम है। चांदी की कीमत भी गिरावट के साथ 30.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 31.75 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

# प्याज को सड़ने से बचाने आएगी विकिरण प्रसंस्करण योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार इस साल 1,00,000 टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए प्याज के विकिरण प्रसंस्करण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले प्याज की कमी और मूल्यवृद्धि को रोकना है।

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सरकार के अनुमानों के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम पैदावार के कारण दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक के उत्पादन में 2023-24 में 16 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। प्याज का उत्पादन दो करोड़ 54.7 लाख टन रहने की उम्मीद है। अक्सर आपूर्ति में व्यवधान से उत्पन्न होने वाली कीमतों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार प्याज के 'स्वजीवन' (शेल्फ लाइफ) को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर



■ योजना से प्याज की कमी व मूल्यवृद्धि रोकी जा सकेगी

विकिरण प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की योजना बना रही है। खरे ने बताया, 'हम उपभोग क्षेत्रों के आसपास 50 विकिरण केंद्रों की पहचान कर रहे हैं। अगर हम सफल होते हैं, तो इस साल एक लाख टन तक विकिरण-प्रसंस्कृत प्याज का भंडारण कर पाएंगे।'मंत्रालय ने सरकारी एजेंसियों नैफेड और एनसीसीएफ से, जो इस साल बफर स्टॉक बनाने के लिए 5,00,000 टन प्याज खरीद रहे हैं, सोनीपत, ठाणे, नासिक और मुंबई जैसे प्रमुख खपत केंद्रों के आसपास विकिरण सुविधाओं की खोज करने को कहा है।

### भंडारण सुविधा बढ़ाने पर विचार

खरे ने कहा कि बफर स्टॉक के तेजी से परिवहन की सुविधा के लिए मंत्रालय प्रमुख रेल केंद्रों पर नियंत्रित वातावरण भंडारण सुविधाएं स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है।

# नई संभावनाओं को जोड़ता ऋषभ बिल्डर्स का ऋषभ रियलेटर



**रायपुर।** 'टुगेदर टुवड्र्स टुमारो' की सोच, विजन और प्रयास के साथ ऋषभ बिल्डर्स ने हाल ही में ऋषभ रियलेटर इवेंट का आयोजन दुर्ग के वृंदावन रेस्टोरेंट में किया। जिसमें दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर जैसी छत्तीसगढ़ की उभरती सिटीज के रियल एस्टेट प्लेयर्स, एजेंट और ब्रोकर्स ने शिरकत की। दोपहर 12 से 3 बजे तक चलने वाला यह इवेंट उत्सुकता, जिज्ञासा और हेल्दी इंटरेक्शन से भरपूर रहा। यहां ना सिर्फ बिल्डर्स बल्कि सभी ब्रोकर्स ने भी डिस्कशन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। कंपनी ने सभी ब्रोकर्स के साथ मिलकर शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को इंप्रूव करने के विषय में सदस्यों से चर्चा की और उनकी राय जानी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स से, श्रेयांश कटारिया ने सबका अभिनंदन किया। वहीं ऋषभ टीम ने प्रेजेंटेशंस के जरिए कंपनी के कथित चैनल पार्टनर बनने और जॉइंट वेंचर से जुड़ने के अपने प्रस्ताव को सबके समक्ष प्रस्तुत किया और इससे जुड़ी संभावनाओं का वर्णन दिया। शॉर्ट नोटिस में उपस्थित हुए सभी सदस्यों की रुचि और उत्साह ने इस प्रयास और ऋषभ रियलेटर इवेंट को सफल बनाया। ऋषभ बिल्डर्स को पूरी उम्मीद है कि शहर को अपग्रेड और बैटर बनाने का उनका यह प्रयास बखूबी सार्थक साबित होगा।

### स्टेटक्राफ्ट को सौर मॉड्यूल की आपूर्ति करेगा वारी एनर्जी

**नई दिल्ली।** सौर समाधान प्रदाता वारी एनर्जीज ने स्टेटक्राफ्ट इंडिया को 445 मेगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। कंपनी बयान के अनुसार, वारी एनर्जीज अपने 540/545डब्ल्यूपी डुअल ग्लास बाइफेशियल मॉड्यूल की 445 मेगावाट की आपूर्ति के साथ राजस्थान के बीकानेर में एकल-स्थान सौर परियोजनाओं को रोशन करने के लिए तैयार है। इसमें कहा गया, यह आपूर्ति मई-अगस्त 2024 के बीच की जाएगी।

### रिलायंस कैपिटल ने मांगा एनसीएलटी से और समय

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कर्ज समाधान योजना लागू करने की समयसीमा 90 दिन आगे बढ़ाने की एनसीएलटी से मोहलत मांगी है। स्वीकृत समाधान योजना के कार्यान्वयन की समयसीमा 27 मई, 2024 तय की गई थी। रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने सफल बोली लगाई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता, 2018 की धारा 60(5) के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से समयसीमा को 90 दिन के लिए बढ़ाने की अपील करने वाली एक अर्जी दाखिल की गई है।

राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
"बापू भवन", मातोश्री रमाबाई अम्बेडकर रोड (ताड़िवाला रोड), पुणे-411001, महाराष्ट्र. वेबसाइट: https://ninpune.ayush.gov.in
ई-मेल: ninpune@bharatmail.co.in; दूरभाष: 020-26059682-85
वॉक-इन-इंटरव्यू
पद का नाम: डोमेन विशेषज्ञ (प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग) अनुबंध के आधार पर
पद की संख्या: 05
अधिकतम पारिश्रमिक: रु. 75000/- प्रति माह
इंटरव्यू की तिथि: 03.06.2024
शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट का अवलोकन करें।
निदेशक

ATLAS
सार्वजनिक सूचना
Atlas
हमारे संज्ञान में आया है कि कई कंपनियाँ हमारे विश्व प्रसिद्ध ब्रांड एटलस और एटलस लोगो (जो कि कम्पनी अर्थात एटलस साइकिल्स (हरियाणा) लिमिटेड के नाम पर दर्ज है) का दुरूपयोग करके नकली साइकिल एवं साइकिल पार्ट्स बना रही हैं और इसे देश/विदेश में डीलरों के माध्यम से बेच रही हैं।
इस सार्वजनिक सूचना के साथ, हम ऐसे निर्माताओं/डीलरों को तत्काल प्रभाव से नकली एटलस ब्रांड साइकिल एवं साइकिल पार्ट्स निर्मित करने / बेचने से रोकने की चेतावनी देते हैं। कंपनी ने ऐसे निर्माताओं/डीलरों की पहचान की है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की शुरूआत की है।
सामान्य जनता को भी सावधान किया जाता है कि वे ऐसे नकली उत्पाद को बाजार से न खरीदें और जो कोई भी ऐसे नकली उत्पादों की खरीद और बिक्री करते हुए पाया जायेगा उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
सी एम ढल
होल टाइम डायरेक्टर

## टॉप 500 रैंकिंग में भारतीय मूल के कुल 17 सीईओ शामिल

# सैलरी के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर है निकेश अरोरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जारी की सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची

भारतीय मूल के निकेश अरोड़ा 2023 में अमेरिका में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के सीईओ हैं और 2018 से साइबर सिक्योरिटी कंपनी पालो ऑल्टो नेटवर्क्स का नेतृत्व कर रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की 2023 में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची के मुताबिक, निकेश अरोड़ा को 151.43 मिलियन डॉलर का कंपनसेशन मिला है। पालो ऑल्टो नेटवर्क्स में उनके कंपनसेशन में ज्यादातर स्टॉक ऑप्शन शामिल हैं।

### जानें जुकरबर्ग और पिचाई की कमाई

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, टॉप 500 रैंकिंग में भारतीय मूल के कुल 17 सीईओ हैं। मेटा के मार्क जुकरबर्ग ने 24.40 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि भारतीय मूल के अल्फाबेट के प्रमुख सुंदर पिचाई ने 8.80 मिलियन डॉलर कमाए हैं।

### ब्रॉडकॉम के हॉक टैन टॉप पर

वहीं, ब्रॉडकॉम के हॉक टैन 162 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची में टॉप पर हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी सीईओ में तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मल्होत्रा (63वें, 25.28 मिलियन डॉलर), एनसिस के अजेय गोपाल (66वें, 24.63 मिलियन डॉलर) और वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेशमा केवलरमानी (118वें, 20.59 मिलियन डॉलर) हैं।



### इस लिस्ट में कई अन्य सीईओ भी शामिल

इस लिस्ट में शामिल होने वाले अन्य में आईबीएम के अरविंद कृष्णा (123वें, 20.40 मिलियन डॉलर), एनफेज एनर्जी के बद्रीनारायण कोठंडारमन (135वें, 19.53 मिलियन डॉलर), लिंडे के संजीव लांबा (143वें, 9.20 मिलियन डॉलर), एमर्सन इलेक्ट्रिक के सुरेंद्रलाल करसनभाई (158वें, 18.32 मिलियन डॉलर), कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स के अनिरुद्ध देवगन (172वें, 17.34 मिलियन डॉलर) शामिल हैं।

### दिल्ली की पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की

अगर निकेश अरोड़ा के एजुकेशन और करियर की बात करें तो उन्होंने दिल्ली के एयर फोर्स पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है। निकेश अरोड़ा ने पहली बार गूगल में चीफ बिजनेस ऑफिसर के रूप में दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने 2014 में सॉफ्टबैंक के प्रमुख का पद कंपनसेशन लेकर छोड़ दिया था, जो जापान के लिए एक रिकॉर्ड पैकेज माना गया था।

*एडोब के सीईओ शांतनु दूसरे नंबर पर : एडोब के शांतनु नारायण दूसरे सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय मूल के सीईओ हैं, जो लिस्ट में 11वें स्थान पर हैं। शांतनु नारायण का जन्म और पालन-पोषण हैदराबाद में हुआ। वह 1998 में कंपनी में शामिल होने के बाद 2007 से एडोब के सीईओ हैं।*

## कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगांव

क्रं.-कार्य.अभि/सामा/356 डोंगरगांव, दिनांक 22/05/2024

### // बिजली बंद की सूचना //

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, डोंगरगांव संभाग अन्तर्गत संधारित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले विभिन्न 11 के.व्ही. लाईनों में मानसून पूर्व मेन्टनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः नीचे प्रदर्शित निम्नलिखित प्रभावित क्षेत्र में प्रातः 9.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| क्रं. | दिनांक | दिन | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 33/11 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26.05.2024 | रविवार | खुज्जी | पथर्री | दर्री, पथर्री, साल्हे, बननवागांव,आयबांधा |
| 2 | 26.05.2024 | रविवार | गैदाटोला | गैदाटोला | गैदाटोला, सीताकसा, मातेखेड़ा, गहिराभेड़ी एवं अन्य ग्राम |
| 3 | 28.05.2024 | मंगलवार | खुज्जी | करमरी | बड़भूम,ब चारभाठा,कलडबरी,करमरी, अरजकुण्ड |
| 4 | 28.05.2024 | मंगलवार | गैदाटोला | आलीवारा | आलीवारा, लुलीकसा, जयसिगटोला, एवं अन्य ग्राम |
| 5 | 28.05.2024 | मंगलवार | डोंगरगांव | कुमर्दा | खुर्शीटिकुल, अछोली, चांदो, देवरी, मोहड |
| 6 | 29.05.2024 | बुधवार | खुज्जी | उमरवाही | गुण्डरदेही, जोंधरा, चंदिया, गिदर्री |
| 7 | 29.05.2024 | बुधवार | गैदाटोला | फाफामार | फाफामार, मेटेपार एवं अन्य ग्राम |
| 8 | 29.05.2024 | बुधवार | बीजाभाठा | साल्हे | साल्हे, गनेरी, मनेरी, बरगांव, जामसरार |

असुविधा के लिए खेद है।'

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (सचा./संधा) संभाग
छ.रा.वि.वित. कंपनी मर्या. डोंगरगांव

# बॉलीवुड में लुक्स करता है मैटर...

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जैकलीन फर्नांडीज इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में धूम मचा रही हैं। हर दिन सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने अपने करियर के शुरूआती दिनों के बारे में कई खुलासे किए। साथ ही साथ उन्होंने बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के संघर्षों के बारे में भी कई बातें कहीं। जैकलीन से जब पूछा गया कि उनके करियर की शुरुआत में उन्हें सबसे बुरी सलाह क्या मिली थी। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, 'एक बार मैं जिम में थी और तब मैं बॉलीवुड में नई-नई ही आई थी। वहां एक सीनियर एक्टर भी जिम कर रहे थे। मैंने जब उन्हें बताया कि मैं अपने उच्चारण को सुधारने के लिए ट्यूशन ले रही हूं, तब उन्होंने कहा मुझे इसकी जरुरत नहीं है'। जैकलीन फर्नांडीज अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'वे आगे मुझे बोले कि यहां टिके रहने के लिए सिर्फ लुक्स मैटर करता है। अगर आप खूबसूरत दिखेंगी तो आपके लिए सब आसान हो जाएगा। मैंने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया।



# शादी के बाद भी बोल्ड सीन्स देने से नहीं कतराए ये सितारे

## पार्टनर के साथ आई थीं लड़ाई-झगड़े की खबरें

*मुंबई। आजकल फिल्मों में किसिंग सीन और बोल्ड सीन देना आम बात है, लेकिन पहले के समय में ज्यादातर अभिनेत्रियां इस तरह के सीन देना तो दूर शादी के बाद फिल्मों तक करना छोड़ देती थीं, लेकिन आजकल की अभिनेत्रियां और अभिनेता ऐसे नहीं हैं। शादी से पहले और बाद में वे सबसे पहले अपने करियर पर फोकस करते हैं। इसके अलावा फिल्मों में बोल्ड और किसिंग सीन भी देते हैं, लेकिन कभी-कभी इन किसिंग सीन्स के कारण उनके घरों में या पार्टनर के साथ दिक्कत का भी सामना करना पड़ता है तो चलिए आज आपको ऐसे सितारों के बारे में बताते हैं।*



### ऐश्वर्या राय

ऐश्वर्या राय भी इस लिस्ट में शामिल हैं। ऐश्वर्या राय ने भी शादी के बाद कई फिल्मों में काम किया है। वे रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'ए दिल है मुश्किल में' भी नजर आई थीं। इस फिल्म में रणबीर के साथ उन्होंने कई बोल्ड सीन्स दिए, जिसके बाद उनके घर पर क्लेश हुआ था।



### काजोल

इस लिस्ट में अगला नाम आता है अभिनेत्री काजोल का। काजोल ने फिल्म 'फना' में आमिर खान संग खूब बोल्ड सीन दिए हैं। दोनों के बोल्ड सीन जमकर वायरल हुए थे। इस फिल्म के बाद काजोल और अजय देवगन के बीच भी अनबन की खबरें आई थीं।



### सैफ अली खान

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है बॉलीवुड इंडस्ट्री के नवाब सैफ अली खान का। सैफ हिंदी सिनेमा के बेहतरीन अभिनेता हैं। उन्होंने कई फिल्मों में बोल्ड सीन दिए हैं, लेकिन जब अभिनेता ने 'रंगून' में कंगना को ऑनस्क्रीन लिप किस किया था, उस दौरान सैफ -करीना में आपस में अनबन हो गई थी।



### शाहिद कपूर


इस लिस्ट में शाहिद कपूर भी अपनी जगह बनाए हुए हैं। फिल्म 'रंगून' में शाहिद कपूर और कंगना रनौत का किसिंग सीन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। शाहिद कपूर ने फिल्म में ये किसिंग सीन अपनी शादी के बाद दिया था, जिसके बाद उनके और उनकी पत्नी मीरा राजपूत के बीच अनबन हो गई थी।



## अनुपमा की बादशाहत अब भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** टीआरपी लिस्ट में पिछले काफी समय से रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना का टीवी सीरियल 'अनुपमा' पहले नंबर पर राज कर रहा है। वहीं, अब 20वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट सामने आ गई है। इसके अलावा टॉप 5 में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'गुम है किसी के प्यार में', 'झनक' जैसे शोज शामिल हैं। टीआरपी लिस्ट में पहले नंबर पर अनुपमा है। इस शो की कहानी अनु के बारे में है जो आध्या के दिल में अपने लिए जगह बनाने की कोशिश कर रही है। पिछले हफ्ते की तरह रुपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' ने इस हफ्ते भी 2.3 रेटिंग हासिल की है।

## 'भाबीजी घर पर हैं' फेम एक्टर फिरोज खान का निधन



**नई दिल्ली।** भाबीजी घर पर हैं फेम फिरोज खान के फैंस के लिए बुरी खबर है। एक्टर का बदायूं यूपी में हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया है। फिरोज खान को अमिताभ बच्चन की मिमिक्री के लिए भी जाना जाता है। सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन की मिमिक्री करते हुए उनके काफी सारे वीडियो हैं। एक्टर की मिमिक्री को फैंस काफी पसंद करते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर कुछ समय के लिए बदायूं में थे। यहां उन्होंने कुछ इवेंट में हिस्सा लिया था। वो सोशल मीडिया पर भी परफॉर्मेंस के वीडियोज शेयर कर रहे थे। उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को फैंस ने काफी प्यार दिया था। अब एक्टर के निधन की खबर सुनकर उनके फैंस शॉक्ड हो गए हैं। बता दें कि फिरोज अमिताभ बच्चन के काफी बड़े फैन थे। वो सबसे ज्यादा उन्हीं की मिमिक्री करते थे। इसी के साथ वो बाकी एक्टर्स की भी मिमिक्री करते थे।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** श्री कृष्णा हिंदी / इंग्लिश स्कूल चंडी अभनपुर में प्री- प्राइमरी से मिडिल क्लास हेतु इंग्लिश मीडियम टीचर की आवश्यकता है तथा हिंदी मीडियम में गणित, वाणिज्य, अंग्रेजी, रसायन, अर्थशास्त्र एवं कंप्यूटर टीचर की आवश्यकता है योग्यता- संबंधित विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर/ बी. एड. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15/0 6/2024 संपर्क सूत्र 9893534338** (RO-992)

**आवश्यकता है-** अंग्रेजी, विज्ञान समूह (गणित/ बायो), कॉमर्स, संस्कृत, विषय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं, तथा कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। **साक्षात्कार 26.5.2024 (रविवार) को प्रातः 8:30 से 10:30। संपर्क नूतन उच्चतर माध्यमिक शाला आर.डी.ए .कॉलोनी टिकरापारा रायपुर मोबाइल. 6260449398.** (RO-991)

**आवश्यकता है-** Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Sanskrit, Maths, Physics, Chemistry, Bio, SST, Science, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 28.05.2024, 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- **8109077721, 8109077723,** New Rajendra Nagar, Amlidih- **8109077729, 8109077731,** Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- **8109077730.** (RO-7476)

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज, क्लर्क, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- साइंस, मैथ्स, फिजीक्स, केमिस्ट्री, बायो, सोशल साइंस, इंगलिश, इकोनॉमिक्स एकाउंट पढ़ाने हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आया की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 28.05.2024 प्रातः 9:30 बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855** (RO-7477)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड -40, सुपरवाइजर- 06, वेतन- सुरक्षा गार्ड- 14000 +पीएफ, सुपरवाइजर- 17000 +पीएफ, लम्बाई: 170 CM रहना फ्री। **संपर्क:- मध्य भारत सिक्योरिटी सर्विसेज सुंदर नगर रायपुर (सी.जी.) मोबाइल :- 7400734419, 9244767686, 6267596471** Interview last date **30-05-2024.** (RO-2761)

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी गार्ड की 10वीं पास उम्र 18 से 45 वर्ष ड्यूटी समय 12 घंटे, 30 दिन, वेतन 14000/- PF और ESI के साथ **संपर्क सड्डू रायपुर- 6261704334, 8497964446.** (RO-3983)

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

### असिस्टेंट/ऑफिस वर्क

**आवश्यकता है-** ऑफिस असिस्टेंट एक पोस्ट महिला, सर्विस इंजीनियर प्रिंटर रिपेयरिंग के लिए एवं ऑफिस कार्य के लिए ऑफिस Boy की आवश्यकता है Channel 4 Plus 130-131 Pagariya Complex Old Bus Stand Pandri Raipur M. No **9424168689** (RO-4419)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** दुर्ग अस्पताल मे कार्य हेतु नर्सिंग स्टॉफ, ओटी स्टॉफ एवं सोशल मिडिया कार्य हेतु स्टॉफ की आवश्यकता है **सम्पर्क :- 88782-66633, 74711-26283.** (Ro-480)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, ड्यूटी टाइम 10:30 -9:30 **शीघ्र सम्पर्क करें विरदीचंद मानकलाल जैन कं का ली पा रा 9340477419, 9425216364.** (RO-2760)

हरिभूमि

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर में रायपुर में तेलीबांधा के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करें- 97541-60228.** (RO-1218)

**आवश्यकता है-** अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर / शंकर नगर / अवंति विहार रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । **सम्पर्क मोबाइल 9977703216.** (RO-534)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है जिसे ऑटोमेटिक एवं मैनुअल गाड़ी चलाने का अनुभव हो। संपर्क करें लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी शॉप नंबर 42-43 ओल्ड मेडिकल कंपलेक्स रजबंधा रोड रायपुर मोबाइल नंबर- 9425250777. (RO-4417)

**आवश्यकता है-** कुशल कंप्यूटर आपरेटर की। आवश्यक योग्यता कंप्यूटर की जानकारी, MS ऑफिस एवं कोरेलड्रा, सैलरी पिछले वेतन से 20% अधिक, ऑफिस एड्रेस Learning Zone New Civic Centre Bhilai, behind Miraj Cinema Shop no.103,104 &106 Mo. **9074133969, 7059321111.** (Ro-483)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल दवा दुकान में कार्य करने हेतु 12वीं पास युवक / युवती की आवश्यकता है पूर्ण बायोडाटा के साथ **संपर्क करें- मकान नंबर A31, राधा स्वामी नगर भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं. 1 रायपुर मोबाइल नंबर 7587817984** (RO-993)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु ईमानदार एवं मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- अनमोल सीट कवर सिंधी बाजार एम. जी रोड, रायपुर मो.- 93295-84946, 78697- 60604. (RO-1615)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** PVC पाईप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए टेली- 01, लड़के- 04, **पता- आर. बी. पाटीदार एण्ड कम्पनी नरसिंग मील कम्पाउन्ड रेलवे प्लेट फार्म नं. 7 के पास गुढ़यारी रायपुर (छ. ग.)** (RO-994)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर नटबोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है योग्यता पांचवी, बारहवीं वेतन 13000 से योग्यतानुसार **बॉम्बे मार्केट राज टॉकीज के सामने 9302702087.** (RO-3984)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा एरिया में, अकाउंटेंट, सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर (ऑटोमैटिक कार अनुभवी) व सिक्युरिटी गार्ड , **संपर्क करें- 7880134141** (Ro-997)

### गोडाउन कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.** (RO-86)

### कुक

**आवश्यकता है-** होटल में सबेरे नाश्ता बनाने हेतु महिला कुक की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 6.30 से दोपहर 1.00 बजे । **संपर्क 9425506411** (RO-Meet.)

**आवश्यकता है-** होटल हेतु कुक चाहिए गंजपारा दुर्ग स्थित होटल प्रिंस में किचन में कार्य करने हेतु कुक की आवश्यकता है। **पता- जी. ई. रोड गंजपारा दुर्ग मो.9009411111.** (आरो-485)

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु इंडियन कुक-3, सेफ-1, तंदुरी कुक - 2, कैप्टन -2, वेटर-4, किचन हेल्पर-4, वाटर ब्वाय-2 की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें:- द गोल्डन ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट नियर टोल प्लाजा तरपोंगी जिला- रायपुर मो- 70004-28368, 98271-66974.** (Ro-481)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बंगलो मे कार्य करने हेतु घरेलू नौकर (पुरुष) की अनुभव- 2 से 3 वर्ष 24-घंटे रहना खाना साथ मे उम्र 20 से 30 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2759)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** घर से बाहर रहकर जॉब, ऑफिस कार्य करने हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलरी 10000+ बोनस, आवास फ्री। ट्रेनिंग पश्चात कमाये 15000 से 20000 महीना। **सम्पर्क करें- 8962804923, 9302413104** (RO-34230)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500- 81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर संपर्क:- **09205883119.** (Ro-2723)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 4G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000- 45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 9883460031.** (RO-213)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Education शिक्षण

(Walk in Interview) छत्तीसगढ राज्यएड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से आनंद शिक्षण संस्था लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में निम्न पद पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार आमंत्रण 2, आउटरीच वर्कर (ORW)- 02 पद वेतन- = 10500 +1500 योग्यतास्नातक , साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा है - दिनांक 25/5/2024 समय सुबह 11से दोपहर 2बजे तक। **साक्षात्कार पता :- म. 440, शांतिनगर, गदाचौक के पास, सुपेला, भिलाई संपर्क न. 78288-54494, 97703-77577** (Ro-484)

**प्रवेश प्रारंभ** - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO -6334)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (Ro-2741)

## Property प्रापर्टी

**प्लॉट बेचना है** - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. 9993135732. (Ro-482)

### जमीन

**जमीन बेचना है-** ग्राम बेल्हारी धमतरी, रोड मुख्य सड़क से लगा जमीन तत्काल बेचना है दलाल **सम्पर्क न करें। संपर्क:- मो.- 9827188931** (Ro-486)

### मकान

**मकान बेचना है-** महासमुंद में डबल स्टोरी मकान 2000 फीट एकता चौक के पास दुकान सहित 95 लाख में, एवं 2000 फीट कलेक्टरेट रोड के पास 85 लाख में बेचना है । **9907826124, 7974486019.** (RO-07)

## For Rent किराया

**मकान किराये से चाहिये- सीनीयर सिटीजन अकेले को 1BK या 1BHK मकान किराये से चाहिये संपर्क- 7024707905** (RO-996)

## Purchase खरीदना

**खरीदना है-** छत्तीसगढ़ में आरा मिल खरीदना/ किराये में लेना है। अनुभवी आरा मिस्त्री एवं लोडिंग हेतु मजदूरों की टीम भी तुरन्त **सम्पर्क करें- 8871044001.** (RO-34190)

## Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस** – राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9991177208, 9991177208.** (RO-2745)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।







Healthcare







हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए , क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड़ से रोग मुक्त हुए या नहीं । समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है । यौन समस्या : इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूंद बूंद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# टी20 विश्व कप : लुभावनी लीग के बावजूद भारत को 17 साल से खिताब का इंतजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी।

भारतीय टीम 2007 में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनी थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है। भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है।



### तीनों प्रारूपों में खिताब का सूखा

*वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियन्स ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई।*



### फार्म में कोहली, रोहित फेल

रोहित 2024 आईपीएल में मुंबई इंडियन्स की ओर से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम के असफल अभियान के दौरान सिर्फ 417 रन बना पाए। कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए 15 मैच में 61.75 के औसत से 741 रन बनाकर टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं लेकिन सत्र की शुरुआत में कुछ टीवी कमेंटेटर ने उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाए थे।

### यशस्वी-रोहित करेंगे पारी का आगाज

कोहली अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए पारी का आगाज करते हैं लेकिन भारत के लिए टी20 प्रारूप में तीसरे नंबर पर खेलते हैं। कोहली अगर तीसरे नंबर पर खेलना जारी रखते हैं तो यशस्वी जायसवाल रोहित के साथ पारी का आगाज करेंगे। भारत ऐसी स्थिति में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित चार विशेषज्ञ बल्लेबाजों के साथ उतरेगा। ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या और पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत अगले दो स्थान पर होंगे जबकि इसके बाद गेंदबाजी ऑलराउंडरों को जगह मिलेगी।

### शिवम दुबे को मिल सकता है मौका

कोहली अगर रोहित के साथ पारी का आगाज करते हैं तो मध्य क्रम में एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाया जा सकता है। ऐसे में शिवम दुबे को जगह मिल सकती है जिन्होंने आईपीएल में 162.29 के स्ट्राइक रेट से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। दुबे मध्यम तेज गति की गेंदबाजी भी कर सकते हैं और हार्दिक के साथ गेंदबाजी के बोझ को बांट सकते हैं। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जिसमें बाएं हाथ के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल सहित चार स्पिनरों को जगह मिली है। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल दो अन्य कलाई के स्पिनर हैं।

---

## आईपीएल

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप




| विराट कोहली | हर्षल पटेल |
|---|---|
| 741 रन | 24 विकेट |
| बेंगलोर | पंजाब |

### बाउंड्री मीटर

| | |
|---|---|
| 2132 | चौके |
| 1237 | छक्के |

## खबर संक्षेप

### जोकोविच की एटीपी टूर्नामेंटों में 1100 वीं जीत



**जिनेवा।** नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न बुधवार को यहां गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मनाया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है। जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया।

## आईपीएल : दूसरा क्वालीफायर मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से

# हैदराबाद-राजस्थान के बड़े पावर हिटर और स्पिनर के बीच आज छिड़ेगी जंग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब यहां दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा। हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है।

हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। इसके अलावा सनराइजर्स के पास हेनरिक क्लासेन (413 रन) के रूप में एक बेहतरीन बल्लेबाज है जो 34 छक्के मारे चुके हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता।




### फार्म में अश्विन और चहल



अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें।

### नटराजन पर जिम्मेदारी


जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी काफी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर कुमार ने कोई विकेट नहीं लिया है। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। मयंक मार्कंडेय बहुत अधिक प्रभावी नहीं हैं जबकि शाहबाज अहमद का मुख्य कौशल तेज बल्लेबाजी करना है, ना कि बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी।

### यशस्वी बटोर रहे रन

रॉयल्स की बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी जायसवाल ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे। हालांकि कप्तान संजू सैमसन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उन्होंने पिछले तीन मुकाबलों में 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छुआ है। टीम वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल पर भी निर्भर करेगी जिन्होंने बेंगलुरु के खिलाफ पावर हिटिंग का नजारा पेश किया। मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे रियान पराग रॉयल्स के भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं।

## खास खबर

# दिनेश कार्तिक ने आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतरराष्ट्रीय कॅरियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। हालांकि, कार्तिक ने अभी तक आधिकारिक तौर पर आईपीएल से अपने संन्यास की पुष्टि नहीं की है।

आईपीएल के डिजिटल ब्रॉडकास्टर जियो सिनेमा की ओर से जो फोटो और आईपीएल की ओर से जो वीडियो जारी किया गया है, उससे यह माना जा रहा है कि कार्तिक ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। अपने 17 साल के आईपीएल सफर में कार्तिक ने 6 आईपीएल टीमों की ओर से खेला। कार्तिक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलमिनिटर मुकाबले के बाद जसि तरह से टीम के साथियों से मिले और दर्शकों का अभविादन किया, उससे यह तय हो गया है कि अब कार्तिक ने आईपीएल को अलविदा कह दिया है। उन्होंने मौजूदा सीजन में 15 मैचों में 187.36 की स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए। इस सीजन आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बैटर हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय करियर

कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाए रखा।

### 5000 आईपीएल रन

*कार्तिक 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से इसका अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इसके 17 सत्र में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5000 से ज्यादा रन बनाए है। विकेट के पीछे भी उन्होंने 145 कैच लपकने के साथ 37 स्टंपिंग किए हैं। वह 2013 में आईपीएल चैंपियन बनने वाली टीम मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उन्होंने इस दौरान कई क्रम पर बल्लेबाजी की लेकिन आरसीबी के साथ पिछले तीन साल से फिनिशर की भूमिका में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।*

## मलेशिया मास्टर्स

# सिंधू जीती, अश्मिता ने झेंग को हराकर किया उलटफेर



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया। दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13, 12-21, 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19, 16-21, 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। गुवाहाटी की यह खिलाड़ी अगले दौर में चीन की छठी वरीय और दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी झेंग यी मेन से भिड़ेगी।

### त्रीशा-गायत्री की जोड़ी हारी



त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की सातवीं वरीय जोड़ी को सुंग शुओ युन और यू चिएन हुई की कोरिया की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 18-21, 22-20, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को चेन टैंग जेइ और टोह ई वेई की मलेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ 9-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को पियर्ली टेन और थिनाह मुरलीधरन की मलेशिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ महिला युगल में 17-21, 11-21 से हार मिली।

## प्रीतिस्मिता भोई ने क्लीन एवं जर्क में बनाया विश्व रिकॉर्ड



**लीमा।** भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्लूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में बुधवार को यहां एक किग्रा का सुधार किया। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं। भारत की ही ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा (56 किग्रा और 69 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया।

## पोंटिंग ने भारत के मुख्य कोच का प्रस्ताव ठुकराया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि जल्द ही खाली होने वाले भारत के मुख्य कोच के पद के लिए उनसे संपर्क किया गया था। उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह अभी उनकी 'जीवनशैली' में फिट नहीं बैठता। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में सात सत्र पूरे करने वाले पोंटिंग इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम टी20 कोच रह चुके हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि भारतीय कोच के पद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड की ओर से कोई सुझाव आया था या नहीं।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133





# पहली बार जगदलपुर के लिए चलेगी फ्लाइट, जबलपुर और प्रयागराज भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जल्द ही बिलासपुर से जगदलपुर फ्लाइट की शुरूआत होने जा रही है, अलायंस एयर ने समर शेड्यूल में बदलाव करते लिए जगदलपुर और बिलासपुर के बीच फ्लाइट चलाने की घोषणा कर दी है। 1 जून से फ्लाइट शुरू हो रही है। यह पहली बार है जब जगदलपुर रूट पर बिलासपुर से फ्लाइट चल रही है। इसके साथ ही प्रयागराज और जबलपुर की बंद फ्लाइट भी शुरू की जा रही है, जिससे यात्रियों को फायदा होने की उम्मीद है।

बिलासा देवी केंवट चकरभाठा एयरपोर्ट से प्रयागराज-जबलपुर के साथ जगदलपुर के लिए भी 1 जून से उड़ान शुरू होगी। एलायंस एयर ने समर रीशेड्यूल जारी कर दिया है। ढाई माह बाद लोग फिर से प्रयागराज-जबलपुर के लिए हवाई सफर कर सकेंगे। वहीं पहली बार बिलासपुर से जबलपुर के लिए भी फ्लाइट शुरू कर दी गई है, यह फ्लाइट बुधवार को चलेगी। 1 जून से प्रयागराज, जबलपुर उड़ान शुरू हो रही है। खास बात यह है कि प्रयागराज और जबलपुर के लिए पहले भी रोजाना 30 से 40 यात्री उड़ान का मजा ले पाते थे लेकिन अलायंस एयर ने मनमानीपूर्वक फ्लाइट बंद कर दी थी। नई उड़ानों के शुरू होने से यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## झुका अलायंस एयर, समर शेड्यूल में किया गया बदलाव

### तीन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच

बिलासपुर के साथ ही प्रयागराज, जबलपुर और कोलकाता में हाईकोर्ट है, वहीं दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट तक बिलासपुर के लोगों की पहुंच आसान हो सकेगी। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई एड्वोकेट बिलासपुर में हीयरिंग के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में देश के 4 हाईकोर्ट के लिए एड्वोकेटस के लिए आवागमन के साधन सुलभ हो सकेंगे। दरअसल प्रयागराज हाईकोर्ट में भी बिलासपुर से फ्लाइट बंद होने पर एड्वोकेट विनित पांडेय द्वारा एक पीएलआई लगाई गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अरूण भनशाली और जस्टिस विकास बुधवार ने अलायंस एयर को फटकार लगाई थी, जिसके बाद ही अलांयस एयर को फ्लाइट चालू का दबाव महसूस होने लगा था।

### टूरिजम को मिलेगा बढ़ावा

बिलासपुर और रायपुर के बाद जगदलपुर के लिए टूरिज्म की संभावना काफी अधिक है। बिलासपुर से जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होने से इसे बढ़ावा मिलना तय है। वहीं जगदलपुर पहुंचने के लिए सीधे ट्रेन रूट नहीं है, वहीं सड़कों के द्वारा दूरी तय करना कष्टकारक साबित होता है, ऐसे में बिलासपुर-जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होना शहरवासियों के लिए काफी बेहतर साबित होगा।

### हफ्ते में 3 दिन 2-2 फ्लाइट

हाल ही में जारी समर शेड्यूल में अलायंस एयर ने हफ्ते में महज 1 फ्लाइट की सुविधा दी थी, जिसके बाद बिलासपुर में इसका विरोध भी होने लगा था। हवाई सुविधा संघर्ष समिति और अन्य संगठनों ने आवाज भी बुलंद की। अब अलायंस एयर ने मंगलवार,गुरूवार को 2-2 फ्लाइट की सुविधा दी है। इसके साथ ही शनिवार को 3 फ्लाइट बिलासा एयरपोर्ट पर पहुंच सकेंगें। बताया जा रहा है कि यह शेड्यूल 1 जून से 26 अक्टूबर के लिए लागू किया गया है।

## पार करते वक्त फूल जाते हैं हाथ पांव!

# लताओं से बना है 800 साल पुराना यह पुल, चलते समय लगता है झूलने

*न्यूयार्क। दुनिया के सबसे डरावने पुलों में से एक लता से बना पुल है जो करीब 800 साल पुराना है। जापान के मिसाल शिकोकू द्वीप पर इया घाटी पर बना इया कज़ुराबाशी पुल ना केवल अपने सौंदर्य के लिए बल्कि पर्यटकों की साहस का इम्तिहान लेने वाले पुल के रूप में भी मशहूर है। जापान की छवि महानगरों से भरे देश की रही है, जहां सड़कें यात्रियों और पर्यटकों से भरी रहती हैं। कई पर्यटक यह भूल जाते हैं कि शहरों के बाहर एक बहुत अलग जापान है। इसकी एक मिसाल शिकोकू द्वीप पर इया घाटी है, जो एक ऐसा शांत क्षेत्र है, जिसे अक्सर समुराई योद्धा छिपने की जगह की तरह उपयोग करते थे।*



### पर्यटक चलते हैं पूरी चीज उछलती और हिलती है

45 मीटर लंबे निर्माण को पार देखने में जितना आसान लगता है वह उतना है नहीं। पुल तक चलते हुए, अधिकांश पर्यटक बेल से बनी, साइड रेलिंग पर लटकते देखे जा सकते हैं। बेल से बना होने के कारण, जब लोग इसे चलाते हैं तो यह पूरी चीज उछलती और हिलती है। इससे दोनों दिशाओं से चरमराने की एक सिम्फनी बनती है और ऐसा लगता है कि यह आठवीं शताब्दी का पुल आसानी से टूट सकता है और उसके यात्री को खाई में फेंक सकता है।

### 45 मीटर लंबा है पुल

माना जाता है कि पिछले 800 वर्षों में पुल का डिजाइन कुछ हद तक बदल गया है। सबसे अधिक आश्वस्त करने वाली बात यह है कि अब इसे खड़ा रखने के लिए इसमें स्टील के तार का सहारा दिया गया है, जबकि पर्यटक इसे पार करते



समय देख नहीं पाते हैं। लताओं के बीच से नीचे लगभग 14 मीटर तेजी से बहती हुई नदी देखा जा सकती है। अजीब बात यह है कि इस पुल को पार करते समय आप पास की खूबसूरत नजारे का आनंद नहीं ले सकते हैं, क्योंकि वे पुल करते समय आपका ध्यान भटका सकते हैं और इससे आपका पैर गलत जगह रखने से आपके गिरने का खतरा बन जाता है। ऐसा लगता है कि यह 45 मीटर की दूरी 45 मील की है। अजीब बात यह है कि इस पुल को पार करते समय आप पास की खूबसूरत नजारे का आनंद नहीं ले सकते हैं, क्योंकि वे पुल करते समय आपका ध्यान भटका सकते हैं और इससे आपका पैर गलत जगह रखने से आपके गिरने का खतरा बन जाता है।

### सुरक्षा के लिए बनाया था

इया घाटी में समुराइयों उनकी उपस्थिति बहुत पहले ही खत्म हो चुकी है, उनकी जगह अब अधिक स्वागत योग्य सुविधा स्टोर और पर्यटक सूचना केंद्रों ने ले ली है, फिर भी क्षेत्र में जीवन कितना प्रतिकूल हो सकता है, यह बताने वाली यहां बहुत सी चीजें हैं। इया घाटी के कुछ हिस्सों को काटने वाली घुमावदार नदी के कारण, स्थानीय लोगों को घूमने में मदद करने के लिए बुनी हुई लताओं से कई अस्थायी पुल बनाए गए थे। ऐसा कहा जाता है कि प्रतिद्वंद्वी जेनजी कबीले के खिलाफ अपनी हार के बाद हेइके कबीले के सदस्यों द्वारा बनाया गया था, ये पुल एक रक्षा तंत्र थे जिन्हें दुश्मन द्वारा पार करने का प्रयास करने पर आसानी से काटा जा सकता था। लगभग 800 वर्ष बीत चुके हैं, तब से कई पुल फीके पड़ गए हैं। लेकिन एक उदाहरण, इया कज़ुराबाशी है जो न केवल खड़ा है, बल्कि अब एक असंभावित पर्यटक आकर्षण है।

## वैज्ञानिकों ने समझाए इसके काम, खुलेंगे और भी कई राज!

# मिल्की-वे के ब्लैक होल में दिखी नासा को सुरंग

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल में कार के समान एक एग्जॉस्ट वेंट है।जिसमें ब्लैक होल से सीधे गैलेकसी के बाहर ही पदार्थ निकलने का सिस्टम है। यह सुरंग एक वेंट में समाप्त होती है जो गर्म गैस को एसजीआर ए स्टार के बाहरी क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद करती है। विशेषज्ञों ने खोज करने के लिए नासा के प्रमुख टेलीस्कोप, चंद्रा एक्स-रे का उपयोग किया। वैज्ञानिकों के अनुसार, सैजीटेरियस ए स्टार नाम के सुपरमैसिव ब्लैक होल में एक प्रकार का ब्रह्मांडीय एग्जॉस्ट पाइप जैसी सरंचना है। आकाशगंगा की डिस्क में समकोण पर चिमनी जैसी संरचना पाई जाती है।

एग्जॉस्ट वेंट किसी खगोलीय वस्तु से जुड़ा हुआ नही दिखता है। सुरंग के शीर्ष पर, वेंट क्षेत्र के केंद्र से लगभग 700 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। चिमनी की खोज सबसे पहले यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के टेलीस्कोप, एक्सएमएम-न्यूटन का उपयोग करके की गई थी। चंद्रा द्वारा जारी की गई तस्वीरों में, रेडियो तरंग डेटा के अनुसार चिमनी के विभिन्न हिस्से अलग-अलग रंगों में दिखाई देते हैं।



### ब्लैक होल मानव होता तो यह हर दस लाख साल में चावल का एक दाना खाता

नए खोजे गए वेंट को गहरे नीले बादल के खिलाफ चमकीले नीले और सफेद स्लैश के रूप में दर्शाया गया है। उन्नत तस्वीरों में, एक्स-रे तरंगों की सफेद लकीरें वेंट से बाहर निकलती देखी जा सकती हैं, जिसे वैज्ञानिक गर्म गैस मान रहे हैं। सुपरमैसिव ब्लैक होल को प्रचंड होने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन एसजीआर ए स्टार तुलनात्मक रूप से अपने आसपास का बहुत कम उपभोग करता है। ये इतना कम पदार्थ खाता है कि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह मानव होता तो यह हर दस लाख साल में चावल का एक दाना खाता।

### बाकी है अभी बहुत कुछ खोजना

एसजीआर ए स्टार (**Sgr A***) थोड़ा अधिक सक्रिय लगता है, नए चंद्रा अवलोकन उन सामग्रियों पर कुछ प्रकाश डालते हैं जिन्हें वह अस्वीकार करता है। यह कभी-कभार खिलाना एक जटिल गैस-फनलिंग प्रक्रिया का लक्षण हो सकता है। इस प्रक्रिया के दौरान भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है, जिसमें कटे हुए तारे का अवशेष भी शामिल है। एसजीआर ए स्टार अपने नए पाए गए एग्जॉस्ट वेंट" के माध्यम से इसे छोड़ सकता है, लेकिन खगोल भौतिकीविदों को आकाशगंगा के रहस्यों को समझने के लिए और भी बहुत कुछ खोजना है।

## जिला पुलिस की टीम की कार्रवाई

# गोवा से गिरफ्तार सटोरियों के 142 खातों को कराया गया फ्रीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने गोवा से गिरफ्तार किए गए सटोरियों के 142 खातों को फ्रीज करा दिया है और उसमें रखे 40 लाख रुपए को होल्ड कराया गया है। इस गिरोह द्वारा आईपीएल मैच में सट्टा का अवैध कारोबार गोवा में बैठकर संचालित कर रहे थे। पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया है जिसके बाद इस कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर आईपीएल क्रिकेट मैच के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने, खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर पुलिस के द्वारा सट्टा संचालन करने वाले एवं उसके साथियों को पकड़ा गया है। पकड़ने के पश्चात पुलिस एवं साइबर सेल के द्वारा सटोरियों के बैंक खातों का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण में यह पाया गया कि सटोरियों के विभिन्न बैंक खातों को लोगों के द्वारा किराए पर उपलब्ध कराया जाता था जिस पर सटोरियों के द्वारा उसे बैंक खातों का गलत तरीके से पैसे का लेनदेन किया जा रहा था। उन सब 142 विभिन्न बैंक खातों को साइबर सेल एवं पुलिस के द्वारा उन सभी बैंक खातों की जानकारी बैंकों से प्राप्त कर उसमें विश्लेषण किया गया उन सभी बैंक खातों में लगभग 140 करोड़ का ट्रांजैक्शन हुआ था एवं उन सभी बैंक खातों को फ्रिज कराया गया उन सभी बैंक खातों में लगभग 40 लाख रुपए को पुलिस के द्वारा होल्ड कराया गया। टीम के द्वारा खातों का बारीकी से विश्लेषण अभी और किया जा रहा है।

# आलीशान बस में रहता है कपल, हैरान करने वाला है अंदर का लुक!



न्यूयार्क। आजकल घरों के दाम इतने ज्यादा हो गए हैं कि लोग घर खरीदना नहीं अफोर्ड कर पा रहे हैं। जैसे-जैसे घरों में कमी आ रही है, वैसे-वैसे लोग रहने के लिए अजीबोगरीब तरीके खोज रहे हैं। इन दिनों गाड़ियों में रहना, उसे घर की तरह सजाना-धजाना काफी कॉमन हो गया है। पहले भी हमने आपको कई ऐसे लोगों के बारे में बताया, जिन्होंने घर न होने की वजह से, या फिर अपना घर छोड़कर वैन, कार, या फिर बस में रहना शुरू कर दिया. इन दिनों एक अमेरिकी कपल के खूब चर्चे हैं, जिन्होंने घर छोड़कर एक बेहद आलीशान बस को खरीद लिया और उसे ही अपना घर भी बना लिया। क्रिस और हिलरी नाम के ये कपल सोशल मीडिया पर 'फ्यूल यॉर वॉन्डर'के नाम से फेमस हैं। उनकी वेबसाइट पर उन्होंने अपनी पूरी कहानी को लोगों से साझा किया है। दोनों नॉर्थ कैरोलाइना में रहा करते थे और दोनों को ही यात्राएं करना बहुत पसंद था। मार्च 2020 में महामारी की वजह से दोनों की यात्राओं पर ताला लग गया। इस वजह से उन्हें अपनी पूरे साल की ट्रिप को कैंसिल करना पड़ा। साल 2021 में भी महामारी के चलते ट्रिप्स जब कैंसल हुईं, तो उन्होंने तय किया कि वो एक गाड़ी लेंगे, जिसमें वो घूमने जाएंगे।



### डबल बेड, बाथरूम किचन जैसी हर सुविधा

बस के अंदर सोफे, डबल बेड, दो बाथरूम, किचन, शेल्फ्स, वॉशिंग मशीन आदि जैसी हर छोटी-बड़ी सुविधा मौजूद हैं। हालांकि, लोग शायद उनके इस निर्णय से ज्यादा खुश नजर नहीं आ रहे। इस वीडियो पर 23 हजार से ज्यादा लोगों ने कमेंट किया और उन्हें सुझाव दिया कि आर-वी लेने से अच्छा था कि उन्हें घर खरीदना चाहिए था, क्योंकि उसकी कीमत बढ़ती, पर बस की कीमत समय के साथ घटेगी।

# पत्नी की मानसिक स्थिति खराब कोर्ट ने विवाह को अयोग्य माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने पत्नी के मानसिक विकार से ग्रस्त होने पर तलाक को उचित ठहराया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि विवाह के बाद पत्नी 4 दिन ही पति के साथ रही। उसकी मानसिक स्थिति खराब होने के



कारण वह अपने वैवाहिक दायित्वों के निर्वहन में असमर्थ थी। विवाह को ट्रायल कोर्ट ने शून्य घोषित करने का आदेश दिया था। इस पर पत्नी की ओर से हाईकोर्ट में अपील प्रस्तुत की गई। डिवीजन बेंच ने भी अपील खारिज करते हुए कहा है कि, इस तरह की अवस्था में महिला विवाह के लिए अयोग्य है। कोटा रायपुर निवासी का विवाह जामुल भिलाई निवासी युवती से हुआ था। शादी के बाद से ही इसकी पत्नी का व्यवहार असामान्य था। वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थी। बाद में पति को यह जानकारी हुई कि मनोरोग चिकित्सक के यहां उसका पहले से इलाज चलता रहा है। शादी के समय लड़की पक्ष द्वारा यह तथ्य छिपाया गया।

### ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया

सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अवलोकन से पता चलता है कि 29 मई 2019 को विवाह संपन्न होने के बाद पति- पत्नी 4 दिन ही साथ रहे हैं। साक्ष्यों के अनुसार डॉ. प्रमोद गुप्ता ने पत्नी का इलाज किया था, जो एक मनोचिकित्सक हैं। शादी से पहले भी महिला की मानसिक बीमारी के लिए डॉक्टर ने अलग-अलग तारीखों पर दवाएं लिखी थीं। यह स्पष्ट है कि अनावेदक पत्नी मानसिक विकार से पीड़ित है और विवाह के लिए अयोग्य है। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा कि इसलिए, ट्रायल कोर्ट ने पक्षों के नेतृत्व में दिए गए सबूतों पर उचित विचार करने के बाद सही फैसला दिया है। इसके साथ ही डीबी ने महिला की अपील खारिज कर विवाह को अमान्य घोषित करने का आदेश दिया।

# राजा-महाराजाओं के लिए उगाया जाता था ये खास आम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गर्मी का मौसम लोगों को पसंद हो या न हो, लेकिन इस मौसम में लोगों को आम का इंतजार जरूर होता है। गर्मियों में मार्केट में कई प्रकार के आम देखने को मिलते हैं, जो खाने में भी बेहद स्वादिष्ट होते हैं। आपने कई तरह के आम खाए भी होंगे। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे दुर्लभ आम के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अपने अनूठे रंग और बनावट



के कारण मशहूर है। कई लोगों का मानना है कि यह खास किस्म का आम 18वीं शताब्दी में बागवानी विशेषज्ञ हकीम अदा मोहम्मदी ने नवाब सिराज-उद-दौला के लिए विशेष तरीके से उगाया था। मूल रूप से शाही परिवारों के लिए ही आरक्षित इस आम को कोहितूर आम के नाम से जाना जाता है, जो विलुप्त हो चुके कलोपहार आम और एक अन्य किस्म के आम का मिश्रण बताया जाता है। यह कीमती आम इतना नाजुक होता है कि हर टुकड़े को सावधानी से तोड़ना पड़ता है। यह आम 18वीं शताब्दी के अंत में बंगाल के आखिरी नवाब द्वारा विकसित किया गया था।

### भारत का सबसे महंगा आम

कोहितूर आम मुख्य रूप से बंगाल के मुर्शिदाबाद में उगाए जाते हैं, जिनकी कीमत जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। ये दुनिया के सबसे महंगे आमों में से एक माना जाता है। इस किस्म के एक आम की कीमत करीब 3 हजार से 15 हजार रुपए तक होती है। यह भारत का सबसे महंगा आम है। कोहितूर आम पश्चिम बंगाल की एक विशिष्ट किस्म है। यह केवल मुर्शिदाबाद में ही पाई जाती है। एक समय में इस जिले में कोहितूर की करीब 148 किस्में थीं, लेकिन अब सिर्फ 42 किस्में ही बची हैं।




Ajay Advt.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com